www.tamsasanket.com
वर्ष: 06 || अंक 167 || लखनऊ
शुक्रवार
18 सितम्बर 2026 || पृष्ठ: 04 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
https://epaper.tamsasanket.com

दैनिक
# तमसा संकेत

लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 05:52
सूर्यास्त: 06:09
अधिकतम: 33°00
न्यूनतम: 26°00



» पेज 07

विशेष समाचार | यूपीआई शुल्क: सुविधाओं का ... » पेज 04 | ऑनलाइन कमाई का झांसा... » पेज 06 | आईफा अवॉर्ड्स 2027 अबू धाबी में

### 814 पदों के लिए होगा इंटरव्यू, 10,284 अभ्यर्थियों ने दी थी परीक्षा

## यूपी-पीसीएस मेंस का रिजल्ट जारी, 2,297 अभ्यर्थी पास

आयोग जल्द ही पदों की वरीयता और इंटरव्यू से जुड़ी पूरी जानकारी अलग से जारी करेगा। इसके बाद इंटरव्यू की तारीखें और दूसरे जरूरी निर्देश बताए जाएंगे।



**हाईकोर्ट में लंबित मामलों से जुड़े परिणाम**

आयोग ने परिणाम जारी करते समय दो महत्वपूर्ण कानूनी शर्तों का भी उल्लेख किया है। रिट याचिका संख्या- 4253/2026, अर्पित शिवम मिश्रा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में याची का परिणाम इलाहाबाद हाईकोर्ट के अंतिम फैसले के अधीन रहेगा। इसी तरह उत्तर प्रदेश के बाहर की महिला अभ्यर्थियों के परिणाम भी विशेष अपील संख्या 475 (डी)/2019 में हाईकोर्ट के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगे।

UPPSC

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC) ने PCS-2025 की लिखित परीक्षा का परिणाम गुरुवार शाम जारी कर दिया। इसमें 10,284 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। 2,297 उम्मीदवारों को सफल घोषित किया गया है। अब इन्हें इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा।

**29 मार्च से 1 अप्रैल के बीच हुई थी परीक्षा**

PCS-2025 की लिखित परीक्षा 29 मार्च से 1 अप्रैल- 2026 तक प्रयागराज और लखनऊ के कई परीक्षा केंद्रों पर हुई थी। आयोग के सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी ने बताया कि इस भर्ती में कुल 28 तरह के पद भरे जाएंगे। इनमें से 812 पदों पर चयन लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के आधार पर होगा। इन्हीं पदों के लिए 2,297 उम्मीदवारों को अगले चरण यानी इंटरव्यू के लिए सफल घोषित किया गया है।

### राजनाथ बोले- पीएम की अभी आधी पारी हुई, योगी ने महिलाओं को बांटी साड़ियां

## मोदी का बर्थडे: अयोध्या में जले 50 हजार दीपक

राजनाथ ने कहा- जिंदगी लंबी नहीं, बड़ी होनी चाहिए। पीएम मोदी ने अपने नेतृत्व, विजन और लगन से इसे हासिल किया है। पिछले 25 साल से वे लगातार सवैधानिक पदों की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से संभाल रहे हैं। आगे भी दशकों तक देश की सेवा करते रहेंगे।





**निर्देश**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी/लखनऊ/प्रयागराज/अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज जन्मदिन है। मोदी 76 साल के हो गए हैं। इस मौके पर लखनऊ के राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर 3 लाख से ज्यादा दीप जलाए जाएंगे। यहां 1,000 से ज्यादा वॉलिंटियर दीप जला रहे हैं। अयोध्या में 50 हजार दीपक जलाए जा रहे हैं। बरेली कलेक्ट्रेट में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने दीप जलाए। कानपुर में 11 हजार दीपों से पीएम मोदी का पोर्ट्रेट और रंगोली तैयार की गई। इससे पहले, सीएम योगी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचकर काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद लोगों को केक खिलाया। महिला सफाईकर्मियों को बनारसी साड़ी भेंट कर सम्मानित किया। वाराणसी के अहिल्याबाई घाट पर बटुक ब्राह्मणों ने मां गंगा का 76 लीटर दूध से अभिषेक किया।

» (शेष पेज 06 पर)





**पीएम मोदी के जन्मदिन पर अयोध्या में जलाए जा रहे 50 हजार दीपक**

पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर अयोध्या में 50 हजार दीपक जलाए जा रहे हैं। सूर्य चौक, लता चौक और अन्य कुंडों पर दीप जलाकर जन्मदिन का उत्सव मनाया जा रहा है।

- काशी में नागा साधु ने डमरू बजाकर पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी।
- अयोध्या के लता मंगेशकर चौक से कच्चे घर तक महापौर गिरीश पति त्रिपाठी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष होली सिंह समेत कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।
- सीएम योगी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने काशी विश्वनाथ मंदिर में लोगों को केक बांटा।

## तमिलनाडु में हिंदी पढ़ाने से नहीं रोक सकते:सुप्रीम कोर्ट

### दिल्ली से अलग-थलग नहीं चेन्नई, राज्य सरकार भाषा पर अपनी सोच बदले

**कार्यवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी



कोर्ट की यह टिप्पणी तमिलनाडु सरकार की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान आई। राज्य ने मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें हर जिले में नवोदय विद्यालय शुरू करने का आदेश दिया गया था। राज्य सरकार का कहना है कि नवोदय विद्यालयों की व्यवस्था उसकी शिक्षा और भाषा नीति से मेल नहीं खाती।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि हिंदी को लेकर आपको अपनी सोच बदलने की जरूरत है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि तमिलनाडु की धरती पर हिंदी नहीं पढ़ाई जाएगी। कोर्ट ने चेन्नई और दिल्ली को एक-दूसरे से अलग-थलग करने की सोच पर भी सवाल उठाया। कोर्ट ने कहा कि चेन्नई में बैठे लोगों को दिल्ली में बैठे लोगों से अलग नहीं होना चाहिए और न ही दिल्ली को चेन्नई से। तमिलनाडु सरकार की दलीलें सुनने राज्य सरकार केंद्र के सामने झुक रही है। केंद्र और राज्य दोनों को मिलकर काम करना चाहिए।

### आदित्य ठाकरे को ₹500 करोड़ का मानहानि नोटिस

मुंबई। दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने शिवसेना (UBT) नेता आदित्य ठाकरे और महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री NCP (SP) नेता अनिल देशमुख को 500 करोड़ रुपए का मानहानि नोटिस भेजा है। बार एंड बेंच के मुताबिक, नोटिस में दोनों नेताओं से उनके बयानों को वापस लेने, सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और 500 करोड़ का हर्जाना देने की मांग की गई है। दोनों को इसके लिए 7 दिन का समय दिया गया है। आदित्य ठाकरे ने जांच में उनका नाम आने पर कहा था कि ये राजनीति से प्रेरित है। वहीं, अनिल देशमुख ने कहा था कि आदित्य को बदनाम किया जा रहा है। दिशा के पिता ने कहा कि इन बयानों से निष्पक्ष जांच की मांग को गलत तरीके से पेश किया गया। 28 साल की दिशा एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर थीं।

**फास्ट न्यूज**

**टीएमसी सिंबल पर जल्द फैसला ले सकता है चुनाव आयोग**

कोलकाता। चुनाव आयोग गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस के चुनाव चिह्न पर जल्द अंतरिम आदेश दे सकता है। दोनों गुटों ने एक ही चिह्न पर उम्मीदवार उतारे हैं। आयोग ने दिल्ली में दोनों गुटों के प्रतिनिधियों को बैठक के लिए बुलाया था। पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों पर 6 अक्टूबर को उपचुनाव हैं।

**जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में 2 आतंकियों का एनकाउंटर**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में बुधवार रात सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर यह कार्रवाई की। जिले के मजालता इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि मारे गए दोनों आतंकी पाकिस्तानी हैं। इनकी पहचान सद्दाम और मुस्तफा के रूप में हुई है। ये आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े थे। उनके पास से एक एके असॉल्ट राइफल, (4 मैगजीन के साथ), एम4 कार्बाइन (3 मैगजीन के साथ), एक ग्लॉक पिस्टल (2 मैगजीन के साथ) और 4 ग्रेनेड बरामद किए गए हैं।

**ओडिशा के 6 जिलों में डूबने से 12 की मौत**

ओडिशा। ओडिशा में बुधवार को छह अलग-अलग घटनाओं में 12 लोगों की डूबने से मौत हो गई। इनमें छह बच्चे शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, ज्यादातर हादसे गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए। ये घटनाएं जगतसिंहपुर, सुंदरगढ़, गंजाम, जगतसिंह-पुर, भद्रक और कोरापुट जिलों में हुईं।

## दिल्ली पीजी हादसा : किरण बेदी की हाईकोर्ट में याचिका

### पूर्व आईपीएस ने खुद जांच करने की इजाजत मांगी, सरकार ने विरोध किया

तमसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली। पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल और रिटायर्ड IPS किरण बेदी ने गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। इसमें उन्होंने खुद को दिल्ली पीजी हादसे में पक्षकार (पार्टी) बनाए जाने की मांग की। उनकी मांग है कि वह असुरक्षित और अवैध पीजी हॉस्टलों से जुड़ी जरूरी जानकारी कोर्ट के सामने रखना चाहती हैं। इधर, केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और दिल्ली MCD ने बेदी की याचिका का विरोध किया है। सरकार का पक्ष रखते हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच से कहा कि किरण बेदी का बहुत सम्मान है, लेकिन याचिका से लगता है कि वह मामले में पहले ही निष्कर्ष निकाल रही हैं। मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने फिलहाल अपनी स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल नहीं की है। कोर्ट ने कहा कि बेदी मामले में कोर्ट की मदद करना चाहती हैं। उनके लंबे प्रशासनिक अनुभव का इस्तेमाल किया जा सकता है। कोर्ट ने अधिकारियों से मामले को टकराव के रूप में न देखने को कहा। अदालत ने बेदी की याचिका पर जवाब देने के लिए अधिकारियों को 3 दिन का समय दिया।

» (शेष पेज 06 पर)

### पीएम बोले- भारतीय चिप की दुनियाभर में सप्लाई शुरू, इसकी कमी से फोन-कार महंगे

## भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने की तैयारी

**आरोप**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने की तैयारी में है। PM मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया 2026 के पांचवें एडिशन का उद्घाटन किया। PM मोदी ने कहा कि एक तरफ भारत की इकोनॉमी बढ़ रही है, दूसरी तरफ दुनिया का भारत पर भरोसा भी बढ़ रहा है।

» (शेष पेज 06 पर)



**सेमीकंडक्टर क्यों जरूरी है?**

सेमीकंडक्टर की बढ़ती जरूरत को देखते हुए भारत चिप डिजाइन, निर्माण, पैकेजिंग और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम तक अपनी क्षमता विकसित कर रहा है।

**600+ कंपनियां और 40+ देशों के प्रतिनिधिमंडल होंगे शामिल**

17 से 19 सितंबर तक चलने वाले सेमीकॉन इंडिया 2026 की थीम 'सिलिकॉन से सिस्टम तक: इकोसिस्टम का निर्माण' है। इसमें सेमीकंडक्टर कंपनियों के साथ निवेशक, रिसर्चर, स्टार्टअप, शिक्षाविद और छात्र शामिल होंगे।

खास आकर्षण 'सैंड टू सिलिकॉन टू सिस्टम्स' होगा, जहां चिप बनने से लेकर तैयार इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम तक का पूरा प्रोसेस दिखाया जाएगा।




इस बार 600 से ज्यादा प्रदर्शक, जिनमें करीब 300 अंतरराष्ट्रीय कंपनियां शामिल हैं, हिस्सा ले रहे हैं। 40 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधिमंडल भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**चेतावनी : कहा- फिर ऐसा हुआ तो चुनाव रद्द कर देंगे, आज वोटिंग, कल रजल्ट आएगा**

## दिल्ली हाईकोर्ट ने डीयूएसयू चुनाव हिंसा पर नाराजगी जताई




एबीवीपी के मुताबिक, कांग्रेस से जुड़े गैर-छात्र राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने एनएसयूआई पैनल के लिए प्रचार किया। संगठन ने बाहरी राजनीतिक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी और क्लासरूम में प्रचार पर सवाल उठाए। साथ ही छात्रों को प्रभावित करने के लिए पैसे के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनावों के दौरान हो रही हिंसा पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा- लोकतंत्र को अपराधियों का समाज नहीं बनाया जा सकता। अदालत ने इस मामले में डीयू प्रशासन, और सरकार से कल तक रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने यह चेतावनी भी दी है कि अगर उठाए गए कदमों से वह संतुष्ट नहीं हुआ, तो वोटों की गिनती और नतीजों के ऐलान पर रोक लगा दी जाएगी।

» (शेष पेज 06 पर)



ABVP ने आरोप लगाया कि NSUI कार्यकर्ताओं ने उनके कार्यकर्ता की पिटाई की।

**एबीवीपी का दावा- सदस्य पर जानलेवा हमला, कार्यकर्ताओं से मारपीट की**

ABVP ने आरोप लगाया कि लॉ सेंटर-1 (LC-1) के बाहर उसके एक सदस्य पर जानलेवा हमला किया गया। संगठन का दावा है कि हमले में कांग्रेस, इंडियन यूथ कांग्रेस (IYC) और NSUI से जुड़े लोग शामिल थे। ABVP ने यह भी आरोप लगाया कि दिल्ली यूनिवर्सिटी के हरि मंदिर में उसके सदस्यों के घर पर NSUI कार्यकर्ताओं ने हमला किया। संगठन के मुताबिक, उस समय ABVP सदस्य शांतिपूर्ण बैठक कर रहे थे।

**एनएसयूआई का दावा- आदिवासी छात्र पर हमला हुआ**

वहीं, NSUI ने आरोप लगाया कि मोतीलाल नेहरू कॉलेज के बाहर उसके आदिवासी छात्र सदस्य पर ABVP से जुड़े लोगों ने हमला किया। संगठन ने घटना की जांच और कार्रवाई की मांग की। NSUI के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रवि हनुमान पांडे ने ABVP पर डराने और अलग-थलग करने की राजनीति करने का आरोप लगाया।

## लंबे बालों पर भेदभाव न करें : केरलम बाल अधिकार आयोग

### स्कूल ऐसे बच्चों को सजा न दें, बच्चे पसंद से बाल बढ़ाने के लिए आजाद

**निर्देश**

तमसा संकेत, एजेंसी



तिरुवनंतपुरम। केरलम राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने स्कूलों को निर्देश दिया है कि बालों की लंबाई के आधार पर बच्चों से भेदभाव न करें। आयोग ने कहा कि लड़के और किसी खास जेंडर की पहचान नहीं रखने वाले बच्चे अपनी पसंद के अनुसार बाल बढ़ा सकते हैं। स्कूल उन्हें इसके लिए सजा नहीं दे सकते। यह आदेश 17 सितंबर को जारी किया गया जिसमें कहा गया कि बच्चे अपनी पसंद के कपड़े भी पहन सकते हैं। आयोग ने कहा कि स्कूल प्रबंधन लड़कों या ट्रांसजेंडर बच्चों को बालों की लंबाई के कारण मानसिक रूप से परेशान नहीं कर सकते। स्कूल उन्हें क्लास से बाहर नहीं निकाल सकते। उनके साथ भेदभाव या कोई दूसरी दंडात्मक कार्रवाई भी नहीं की जा सकती। आयोग ने कहा कि स्कूलों को बच्चों की बाहरी शक्ल-सूरत के बजाय उनकी पढ़ाई और व्यक्तित्व विकास को ज्यादा प्राथमिकता देनी चाहिए। आयोग ने कहा कि राज्य के शिक्षा विभाग या CBSE की ओर से इस मामले में कोई खास गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। इसलिए उचित गाइडलाइन तुरंत तैयार की जाए। गाइडलाइन जारी करने से पहले इन बच्चों की बात भी सुनी जानी चाहिए।

## अखिलेश ने फिर नीला गमछा पहनकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की, पूर्व मंत्री भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए

# 'हमारी बनाई सड़कें नंबर-1'

**कटाक्ष**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में दोपहर 1 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इससे ठीक पहले कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को एक विशेष फिल्म दिखाई गई। इसमें यूपी के अलग-अलग एक्सप्रेस-वे की बदहाली, कानपुर-लखनऊ और गंगा एक्सप्रेस-वे के टूटे हिस्सों और निर्माण में कथित भ्रष्टाचार की ग्राउंड रिपोर्ट दिखाई गई।

इसी दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो. राम आसरे कुशवाहा ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा छोड़कर सपा में 'घर वापसी' की। प्रो. रामश्रय विश्वकर्मा और मथुरा के प्रमुख व्यापारी अशोक अग्रवाल भी सपा से जुड़े। अखिलेश यादव ने गले में नीला गमछा पहनकर उनका पार्टी में स्वागत किया।



बता दें, नीला गमछा पहनने पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने अखिलेश पर तीखा हमला बोला था। कहा था- नीले कपड़े पहनने या नीला गमछा डालने से विरोधी दलों की जातिवादी सोच नहीं बदलती और वे बहुजन समाज को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। समाजवादियों ने जो निर्माण कराए, उनकी क्वालिटी पर आज भी कोई सवाल नहीं उठा सकता। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे देश का सबसे बेहतरीन एक्सप्रेस-वे है। NHAI ने इसकी डिजाइन कॉपी करने की कोशिश की, लेकिन नकल नहीं कर पाए। बीजेपी के लोग तो एक्सप्रेस-वे के मेंटेनेंस का पैसा भी खा गए। वे एक्सप्रेस-वे के किनारे मंडियां तक नहीं बना पाए। सपा सरकार में बांटे गए लैपटॉप आज भी ऑन होते हैं। गोमती रिवर फ्रंट के नोजल पर आज तक जंग नहीं लगा है।

### लखनऊ और दिल्ली वालों में मची है मुनाफे की होड़

अखिलेश यादव ने अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी और डिजिटल ट्रांजैक्शन पर भी हमला बोला। कहा- नोटबंदी के समय कहा गया था कि यह बड़े लोगों के लिए है, लेकिन नुकसान आम जनता का हुआ। अब यूपीआई भी पैसा ऐंठने और चुंगी वसूलने की व्यवस्था बन चुकी है। इन 'चुंगीजीवियों' का यह खेल बंद होना चाहिए।

### कानून-व्यवस्था ध्वस्त, लेन-देन एजेंसी बना एलडीए

लखनऊ और गोरखपुर समेत पूरे प्रदेश में लगातार हत्याएं हो रही हैं। एनसीआरबी के आंकड़े गवाह हैं कि महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। यूपी साइबर क्राइम और पत्रकारों के उत्पीड़न में नंबर-1 बन चुका है। एलडीए अब 'लेन-देन एजेंसी' बनकर रह गया है। वित्तमंत्री के गृह जिले शाहजहांपुर का एक वीडियो वायरल हुआ था, जहां रिश्वत लेने वाले एक-दूसरे की पोल न खोलने की कसम खा रहे थे। जो मंत्री सीएम के बगल में बैठते हैं, उनके जिले का यह हाल है।



> यूपी में 20 से ज्यादा भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए, लेकिन किसी बड़े आरोपी को जेल भेजा गया क्या? हमारी सरकार आएगी, तो नौजवानों को रोजगार मिलेगा और सामाजिक न्याय की स्थापना होगी।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर दीपोत्सव सीएम ने जलाया- आशीर्वाद का दीया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर लखनऊ में गुरुवार को बड़े स्तर पर दीपोत्सव मनाया गया। 'सेवा संकल्प अभियान' के पहले दिन शहर की 9 प्रमुख जगहों पर 1,58,778 दीप जलाए गए। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर सबसे बड़ा आयोजन हुआ, जहां 3 लाख दीप जलाए गए। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहला दीया जलाया, जिसका नाम 'आशीर्वाद का दीया' रखा।

प्रमुख सार्वजनिक स्थलों के अलावा लखनऊ में बूथ स्तर पर भी दीप जलाए जाएंगे। भाजपा की योजना के मुताबिक प्रत्येक बूथ पर 200 दीप जलाने और लाभार्थियों के घरों में भी 'आशीर्वाद का दीया' जलाने का कार्यक्रम है। सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर को शाम 7 बजे से 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर बनी प्रतिमाओं के पास सीएम योगी ने दीप जलाए। यह तस्वीर पंडित दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा के पास की है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 162 फीट की प्रतिमाएं हैं।



**फास्ट न्यूज**

### महिला की गला काटकर हत्या

दुबग्गा। लखनऊ में एक महिला की गला काटकर हत्या कर दी गई। उसका शव गुरुवार सुबह नहर किनारे शव मिला। महिला ने शादी के करीब 18 साल बाद दूसरे युवक से कोर्ट मैरिज कर ली थी। उसका 16 साल का एक बेटा भी है, जो अपने पिता के साथ रहता है।

करीब 7 महीने महिला ने पति की शराब पीने की आदत के चलते उससे तलाक लिया। वह एक युवक के साथ रिलेशन में भी थी।

### योगी की मौजूदगी में गंगासागर नमो नमः का हुआ लोकार्पण

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनभवन परिसर में आयोजित गंगासागर नमो नमः लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इससे पूर्व जनभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, सीएम योगी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने छात्राओं को उपहार देकर शिक्षा से लगाव के लिए प्रेरित किया। गंगासागर नमो नमः लोकार्पण के अवसर पर पूजन भी किया गया। वहीं उपस्थित सभी गणमान्य आरती में भी शामिल हुए। जनभवन में छात्राओं ने भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी प्रस्तुत किया।

### लखनऊ में गवर्नमेंट होम्योपैथिक कॉलेज में फिर ओपीडी ठप

लखनऊ । लखनऊ में गोमतीनगर स्थित राजकीय मेडिकल होम्योपैथिक कॉलेज में गुरुवार को स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर इंटर्न डॉक्टरों ने एक बार फिर OPD ठप कर दी। सुबह बड़ी संख्या में इंटर्न डॉक्टर कॉलेज के मेन गेट के बाहर ताला लगाकर धरने पर बैठ गए। इससे मरीजों और अन्य लोगों का कॉलेज में प्रवेश रुक गया।



### केप टाउन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिवस मनाते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना

दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में उत्तर प्रदेश विधानसभा के माननीय अध्यक्ष श्री सतीश महाना जी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर केक काटकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश नारायण सिंह जी सहित विभिन्न विधानसभाओं के माननीय अध्यक्षगण उपस्थित रहे।



## 42 नए निर्यातक भरेंगे अंतरराष्ट्रीय उड़ान, 10 स्टॉलों पर युवा व महिला उद्यमी दिखाएंगे ताकत

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

- रूस, सिंगापुर समेत चार पार्टनर देश और 2,400 से अधिक प्रदर्शक होंगे शामिल, 6 लाख बायर्स व विजिटर्स के सीधे संपर्क से पीतल नगरी को मिलेंगे बड़े ग्लोबल ऑर्डर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मुरादाबाद । पीतल नगरी के हस्तशिल्प, मेटल आर्टवेयर और स्थानीय दस्तकारी को अंतरराष्ट्रीय पटल पर सीधे नए बाजार और खरीदार दिलाने के लिए खाका तैयार हो चुका है। ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले चौथे 'उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो' में मुरादाबाद जनपद से कुल 78 कारोबारी, नए व स्थापित निर्यातक, महिला एवं युवा उद्यमी और ओडीओपी दस्तकार अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की निर्यात प्रोत्साहन नीति, एमएसएमई नीति और 'एक जनपद-एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना के तहत यह वैश्विक मंच मुरादाबाद के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से सीधे जोड़कर स्थानीय कारोबार को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

वहीं, हॉल नंबर 10 (एमएसएमई, महिला एवं युवा उद्यमी) में मुरादाबाद के 10 स्टॉल बुक हुए हैं।






### हॉल 14 में 42 नए निर्यातकों की उड़ान

ट्रेड शो के ले-आउट के अनुसार, इस बार सबसे क्रांतिकारी बदलाव नए निर्यातकों के रूप में सामने आया है। पहली बार सीधे विदेशी खरीदारों के सामने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाने जा रहे नए कारोबारियों के लिए तय हॉल नंबर 14 (न्यू एक्सपोर्टर्स) में अकेले मुरादाबाद के 42 नए निर्यातकों ने अपने स्टॉल सुरक्षित कराए हैं। संयुक्त आयुक्त उद्योग के अनुसार, यह भागीदारी दर्शाती है कि शहर की नई पीढ़ी अब सिर्फ बिचौलियों या बड़े घरानों पर निर्भर रहने के बजाय सीधे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला (ग्लोबल सप्लाई चेन) का हिस्सा बनने को तैयार है।

### ओडीओपी में 12 और एमएसएमई में 10 स्टॉलों पर दिखेगी युवा व महिला शक्ति

ट्रेड शो में जमीनी स्तर के दस्तकारों, छोटे निर्माताओं और स्टार्टअप्स को भी विशिष्ट स्थान दिया गया है। मुरादाबाद के विश्वविख्यात ब्रास व मेटल क्राफ्ट के लिए हॉल नंबर 09 (ओडीओपी उत्पाद) में 12 स्टॉल आवंटित किए गए हैं, जहां पारंपरिक शिल्पी अपनी नक्काशी और कारीगरी का लाइव प्रदर्शन करेंगे।

## लखनऊ का एप्पल मैनेजर हत्याकांड मैनेजर की पत्नी बोलीं- घटिया फैसला, हाईकोर्ट जाऊंगी

# सिपाही गैर-इरादतन हत्या का दोषी दूसरा सिपाही बरी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ में 8 साल पहले हुई एप्पल के मैनेजर विवेक तिवारी की हत्या में सिपाही प्रशांत चौधरी को कोर्ट ने दोषी ठहराया है। गुरुवार को दिए अपने फैसले में लखनऊ कोर्ट ने प्रशांत चौधरी को गैर-इदातन हत्या का दोषी माना। दूसरे सिपाही संदीप कुमार को बरी कर दिया।

विवेक की पत्नी कल्पना तिवारी ने कोर्ट के इस फैसले पर नाराजगी जताई। उन्होंने फैसले को 'घटिया' बताते हुए कहा कि इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील करेंगी। कल्पना ने कहा कि आज सुबह से कोर्ट के फैसले पर निगाहें थीं। उम्मीद थी कि उन्हें न्याय मिलेगा, लेकिन जो फैसला आया है, वह अन्यायपूर्ण है। फांसी न होती, तो कम-से-कम आजीवन कारावास की सजा होनी ही चाहिए थी।




घटना के बाद विवेक तिवारी की सहकर्मी सना खान की शिकायत पर लखनऊ के गोमतीनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद दोनों सिपाहियों को गिरफ्तार कर सस्पेंड कर दिया गया था। मामले की जांच एसआईटी ने की। जांच पूरी होने के बाद चार्जशीट दाखिल की गई। इसके बाद लखनऊ की जिला अदालत में मुकदमे की सुनवाई चली। मामले में गवाहों के बयान और साक्ष्यों समेत न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम बहस 6 अगस्त को पूरी हुई थी।



इस तस्वीर में ऑरेंज टीशर्ट में दिख रहा शख्स सिपाही प्रशांत चौधरी है। प्रशांत को कोर्ट ने दोषी ठहराया है।

### पत्नी बोलीं- ट्रेंड सिपाही था, गोली चलाने में गलती कैसे हो सकती है

कल्पना तिवारी ने कहा- प्रशांत चौधरी ट्रेंड सिपाही था। ऐसे में उससे गोली चलाने में गलती कैसे हो सकती है? मेरे पति की गोली मारकर हत्या की गई थी। दोनों सिपाही मौके पर मौजूद थे।

कल्पना ने दूसरे आरोपी संदीप कुमार को बरी किए जाने पर भी सवाल उठाए। कहा- संदीप को बरी करना भी गलत फैसला है। दोनों सिपाहियों की बराबर गलती है। कोर्ट के फैसले पर भावुक कल्पना ने कहा कि अब वह अपने बच्चों को क्या जवाब देंगी? परिवार लंबे समय से इस मामले में न्याय का इंतजार कर रहा था, लेकिन कोर्ट के फैसले से उन्हें निराशा हुई है।

### 2018 में पुलिस की गोली से हुई थी विवेक की मौत

29 सितंबर, 2018 की देर रात एप्पल के एरिया सेल्स मैनेजर विवेक तिवारी अपनी सहकर्मी सना खान के साथ कार से लौट रहे थे। गोमतीनगर विस्तार में मकदूमपुर पुलिस चौकी के पास सिपाही प्रशांत चौधरी और संदीप कुमार ने उनकी कार को रोकने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक, कार नहीं रुकी और टक्कर की स्थिति बनी। इसी दौरान प्रशांत चौधरी ने गोली चला दी, जो विवेक को लगी। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## फोन की किस्त के लिए खून निकलवाने वाले गिरफ्तार

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ में फोन की किस्त के लिए युवक का जबरन खून निकलवाने वाले 2 लोग पकड़े गए हैं। दोनों ने कबूल किया है कि एक यूनिट खून एक ब्लड बैंक में बेचा था। पुलिस उनके दावों और ब्लड बैंक की जानकारी जुटा रही है। आरोपियों ने कहा है कि वे युवक के पास बार-बार जाने से परेशान हो गए थे। किस्त पर फोन देने वाली कंपनी का दबाव भी था। इसी वजह से युवक को सबक सिखाने के लिए उसके साथ ऐसा किया। मामला निगोहां के राजारामखेड़ा मजरा पुरहिया का है। यहां की बुजुर्ग जदुराई ने 14 सितंबर को पुलिस को शिकायत दी थी। इसमें बताया था कि उनके बेटे नेवल ने किस्त पर मोबाइल फोन खरीदा था। किस्त जमा नहीं होने पर शुभम सिंह नाम का युवक एक साथी के साथ और उनके बेटे नेवल को बुला ले गया। इसके बाद नेवल के साथ ज्यादती की गई। खून निकलवाने, मजदूरी की बात किसी को बताने पर मारकर गोमती में फेंकने की धमकी दी थी।



डीसीपी दक्षिणी मोहम्मद मुश्ताक ने बताया आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस टीमें बनाई गई थीं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी और मैनुअल साक्ष्यों के साथ स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से गुरुवार को अनिकेत सिंह उर्फ काका और सुशांत शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। मुख्य आरोपी शुभम सिंह की तलाश की जा रही है। इन लोगों पर आरोप है कि नेवल को मोबाइल की दुकान पर ले जाने की बात कहकर बहाने से घर से ले गए।

**बदलाव : यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में पहली बार खेल विभाग का पवेलियन**

# खेलों के नए केंद्र के रूप में दुनिया के सामने आएगा मेरठ

**थ्री-डी मॉडल में नजर आएगी खेल यूनिवर्सिटी**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मेरठ। मेरठ अब सिर्फ खेल प्रतिभाओं की धरती के रूप में नहीं, बल्कि खेल शिक्षा और आधुनिक प्रशिक्षण के उभरते केंद्र के तौर पर भी देश-दुनिया के सामने अपनी पहचान दर्ज कराने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-4.0 में प्रदेश के खेल क्षेत्र की बदलती तस्वीर पेश की जाएगी। इसके लिए पहली बार खेल विभाग का अलग पवेलियन तैयार किया जा रहा है। करीब 200 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनने वाले इस पवेलियन में मेरठ की खेल यूनिवर्सिटी प्रमुख आकर्षणों में शामिल होगी। खेल विभाग के इस मंच पर प्रदेश की खेल उपलब्धियों, आधुनिक सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं को एक साथ प्रदर्शित किया जाएगा। खेल निदेशालय, प्रादेशिक विकास दल एवं युवा कल्याण विभाग, स्पोर्ट्स कॉलेज और खेल यूनिवर्सिटी इसमें संयुक्त रूप से भाग लेंगे। डिजिटल डिस्प्ले से लेकर मॉडल और वीडियो प्रस्तुति तक, अलग-अलग माध्यमों से प्रदेश में खेल क्षेत्र में हुए बदलावों की जानकारी दी जाएगी। प्रदेश की प्रमुख खेल परियोजनाओं को थ्री-डी मॉडल के जरिए भी समझाया जाएगा। मेरठ की खेल यूनिवर्सिटी के साथ अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी और कानपुर में विकसित हो रही खेल सुविधाओं के मॉडल पवेलियन में रखे जाएंगे। प्रदेश में तैयार हो रहे खेल ढांचे पर आधारित डॉक्यूमेंट्री के जरिए भी आगंतुकों को विस्तार से जानकारी दी जाएगी। युवाओं को सीधे खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए पवेलियन में इंटर-एक्टिव गेमिंग जोन भी तैयार किया जा रहा है।



### खेल पढ़ाई से करियर तक, मेरठ की यूनिवर्सिटी पर नजर

ट्रेड शो में आने वाले लोगों को मेरठ की खेल यूनिवर्सिटी में उपलब्ध शैक्षणिक अवसरों की जानकारी दी जाएगी। विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों, प्रवेश व्यवस्था, पात्रता और शैक्षणिक गतिविधियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इससे खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की तैयारी कर रहे युवाओं को उच्च शिक्षा और प्रशिक्षण के नए विकल्पों की जानकारी मिलेगी।

> उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की उपलब्धियां भी पवेलियन का हिस्सा होंगी। तस्वीरों, वीडियो और डिजिटल स्क्रीन पर खिलाड़ियों की सफलताओं को प्रदर्शित कर प्रदेश की खेल प्रतिभा की कहानी बताई जाएगी।

# 25 लाख श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार बरसाना

## श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए 160 विशेष बसें और 50 पार्किंग स्थल तैयार

- मेला क्षेत्र 7 जोन और 20 सेक्टरों में विभाजित 3 हजार पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा/बरसाना। ब्रज के प्रमुख पर्वों में से एक श्री राधा अष्टमी पर्व को लेकर योगी सरकार ने बरसाना में व्यापक तैयारियां की हैं। आगामी 19 सितंबर 2026 (शनिवार) को बरसाना स्थित प्रसिद्ध श्री लाडली जी मंदिर में राधा रानी का जन्मोत्सव पूरी भव्यता और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री जी का विशेष अभिषेक और कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। पर्व में लगभग 25 लाख श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की है। भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिहाज से पूरे बरसाना मेला क्षेत्र को 7 जोन और 20 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। चप्पे-चप्पे पर नजर रखने के लिए लगभग 3 हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इनमें 8 अपर पुलिस अधीक्षक, 38 पुलिस उपाधीक्षक, 75 निरीक्षक, 320 उप निरीक्षक, 68 महिला उप निरीक्षक, पीएसी की 2 कंपनी और पीएसी फ्लड की 2 प्लाटून शामिल हैं। इसके अलावा 155 सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए पूरे मेला क्षेत्र की सघन निगरानी की जाएगी। श्रद्धालुओं की मदद के लिए 2 खोया- पाया केंद्र और 6 वॉच टावर भी स्थापित किए गए हैं। श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई असुविधा न हो, इसके लिए भारी वाहनों का रूट डायवर्जन लागू किया गया है। उ.प्र.राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपी रोडवेज) द्वारा 160 विशेष बसें चलाई जाएंगी, जबकि 40 बसों को रिजर्व रखा गया है। प्रत्येक बस पर दो- दो चालकों की ड्यूटी लगाई गई है। बरसाना में एक अस्थायी बस स्टैंड भी बनाया गया है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए 38 होल्डिंग एरिया, 50 पार्किंग स्थल, 88 बैरियर, 14 बैरिकेडिंग और 7 स्थानों पर जूता-घर की व्यवस्था की गई है।



# जिला अस्पताल परिसर से चोरी दो बाइक बरामद

खुलासा

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में शहर कोतवाली पुलिस ने जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज परिसर से चोरी हुई दो मोटरसाइकिलों के मामले का गुरुवार, 17 सितंबर को खुलासा किया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दोनों मोटरसाइकिलें बरामद करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों बाइक 15 सितंबर को जिला अस्पताल परिसर से चोरी हुई थीं। दोनों घटनाओं में अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, पिहानी थाना क्षेत्र के अभिमता गांव निवासी श्रीपाल 15 सितंबर को दवा लेने के लिए जिला अस्पताल आए थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल अस्पताल परिसर में खड़ी की थी।



## आरोपी पर पहले से दर्ज हैं कई मुकदमे

पुलिस के अनुसार, आशीष उर्फ मोनू के खिलाफ शहर कोतवाली में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड में उसके खिलाफ पूर्व में दर्ज मुकदमों का उल्लेख है। पुलिस अब उसके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड और मौजूदा मामले के बीच संबंधों की भी जांच कर रही है। इंस्पेक्टर संजय त्यागी के मुताबिक, आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने दोनों चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कर ली हैं।

मामले की जांच के दौरान यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी ने अकेले वारदात को अंजाम दिया था या चोरी की घटनाओं में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल था।

### उसी दिन दूसरी बाइक भी हुई चोरी

पुलिस के मुताबिक, 15 सितंबर को ही पिहानी थाना क्षेत्र के बाउमी गांव निवासी अरुण गुप्ता की मोटरसाइकिल भी जिला अस्पताल परिसर से चोरी हो गई थी। अरुण गुप्ता भी अस्पताल आए थे और उन्होंने अपनी बाइक परिसर में खड़ी की थी। काम पूरा करने के बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली। उन्होंने भी शहर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में भी अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। एक ही दिन और एक ही परिसर से दो मोटरसाइकिल चोरी होने के बाद पुलिस ने घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी।

## आरोपी के कब्जे से दोनों बाइक बरामद

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान आशीष उर्फ मोनू पुत्र सुंदरलाल निवासी ग्राम काशीपुर, कोतवाली शहर, हरदोई के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से जिला अस्पताल परिसर से चोरी हुई दोनों मोटरसाइकिलें बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने बताया कि बरामदगी के आधार पर दोनों मामलों में बीएनएस की धारा 317(2) की बढ़ोतरी की गई है।

दोनों घटनाओं की जांच के लिए शहर कोतवाली पुलिस ने अस्पताल परिसर और आसपास के इलाकों में छानबीन की। पुलिस ने चोरी की घटनाओं से जुड़े संभावित सुराग जुटाए और संदिग्धों के बारे में जानकारी एकत्र की।

# उन्नाव में 'नो चालान' सिंडिकेट पर अब अफसरों से पूछताछ

## 10 महीने बाद फिर खुली फाइल, 350 ट्रकों की मिली थी वाट्सएप लिस्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव जिले में बिना खनिज परिवहन प्रपत्र और ओवरलोड ट्रकों को कथित तौर पर बिना चालान के सीमा पार कराने के मामले की फाइल करीब दस महीने बाद फिर से खुल गई है। एसटीएफ के खुलासे के बाद अब इस मामले की जांच प्रवर्तन विभाग के अधिकारियों तक पहुंच गई है। सीओ सिटी विनी सिंह ने इस मामले में नामजद दो एआरटीओ, तत्कालीन पीटीओ और उनके हमराही सिपाहियों समेत कई लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया है। इस पूछताछ के बाद विभाग में खलबली मची हुई है। एसटीएफ ने 11 नवंबर 2025 को ओवरलोड ट्रकों को पास कराने वाले कथित सिंडिकेट का खुलासा किया था। इस दौरान पांच



लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें सुनील सचान, प्रदीप सिंह, श्रीकिशन, तारिक हुसैन और नियाज अहमद शामिल थे। कार्रवाई के दौरान मास्टरमाइंड के छोटे भाई तारिक हुसैन के पास से करीब 350 ट्रकों की व्हाट्सएप सूची भी मिली थी। आरोप है कि इस सूची में शामिल ट्रकों के चालकों को एआरटीओ और खनिज विभाग की टीमों की लोकेशन पहले से ही साझा कर दी जाती थी। इससे वाहन चालान की कार्रवाई से बच जाते थे। इसके बदले वाहन मालिकों से हर चक्कर के लिए करीब 1,500 रुपये लिए जाने का भी आरोप है। एसटीएफ की पूछताछ में आरोपियों ने बताया था कि अधिकारियों और उनके हमराही सिपाहियों की कथित मिलीभगत से गिट्टी, मौरंग और बालू लदे वाहनों को जिले की सीमा पार कराया जाता था। इस मामले में एसटीएफ के उपनिरीक्षक राहुल सिंह परमार की शिकायत पर सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था। एफआईआर में एआरटीओ प्रवर्तन संजीव कुमार सिंह, प्रवर्तन द्वितीय प्रतिभा गौतम और तत्कालीन पीटीओ सैफर किदवई पर भी आरोप लगाए गए हैं। इस मामले में दो एआरटीओ के तीन हमराही सिपाहियों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है।

फास्ट न्यूज

### पानी भरी-झोपड़ी में जीने को मजबूर-गीता का परिवार

हरदोई। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में गंगा, रामगंगा और गर्रा नदी की बाढ़ से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस क्रम में बिलग्राम तहसील के राजघाट के पास रहने वाली गीता का परिवार मुश्किल हालात में जी रहा है। उनका परिवार पानी से भरी झोपड़ी में एक के ऊपर एक दो तखत डालकर सोने को मजबूर है। उन्हें मगरमच्छ के हमले का डर भी सता रहा है। गीता ने पीएम और सीएम से हरदोई का दौरा करने की अपील की है।

### ससुराल में महिला से यौन उत्पीड़न और हत्या का प्रयास

हरदोई। हरदोई के सुरसा थाना क्षेत्र के एक गांव में ससुराल आई विवाहिता के साथ अश्लील हरकत और मारपीट का मामला सामने आया है। विवाहिता का आरोप है कि 9 सितंबर को ससुर के भाई के दसवां संस्कार में शामिल होने वह मायके से ससुराल आई थी।

रात में उसके चचेरे देवर ने मोबाइल की टॉर्च जलाकर उसका वीडियो बनाने की कोशिश की और घर से निकलने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उसने महिला से अश्लील हरकत की। पीड़िता के मुताबिक, शोर सुनकर ससुराल के अन्य लोग मौके पर पहुंचे और चचेरे देवर, सास, ननद और देवरानियों समेत 9 लोगों ने उसकी लात-घूंसों से पिटाई की।

### पीएम मोदी के जन्मदिवस पर बाराबंकी में रक्तदान

बाराबंकी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और सार्वजनिक जीवन में 25 साल पूरे होने के अवसर पर बाराबंकी जिला अस्पताल में रक्तदान और फलाहार वितरण कार्यक्रम हुआ।

गुरुवार सुबह 11 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद विभाग के राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा और अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया।

# उन्नाव में पीएम मोदी के जन्मदिन पर फल बांटे-रक्तदान किया

## जिला अस्पताल में मरीजों को दिए फल, युवाओं ने किया रक्तदान

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर गुरुवार को कई सेवा कार्यक्रम हुए। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल बांटे। इसके साथ ही युवा मोर्चा की अगुवाई में रक्तदान शिविर भी लगाया गया। विधायक पंकज गुप्ता ने फल बांटते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत की संस्कृति, सभ्यता, परंपरा और विकास को आगे बढ़ाया है। साथ ही विश्व में भारत की भूमिका को मजबूत किया है। विधायक ने प्रधानमंत्री की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि पीएम इसी तरह देश की सेवा करते रहें और भारत को आगे बढ़ाते रहें। विधायक के अनुसार, शुरुआत में करीब 10 लोगों ने रक्तदान किया था। शाम



तक यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद जताई गई थी।

विधायक के अनुसार, शुरुआत में करीब 10 लोगों ने रक्तदान किया था। शाम तक यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद जताई गई थी।

रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विधायक के अनुसार, शुरुआत में करीब 10 लोगों ने रक्तदान किया था। शाम तक यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद जताई गई थी। पंकज गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन को 'सेवा संकल्प अभियान' के रूप में मनाया जा रहा है।

# बाराबंकी के विप्रज निगम की टीम इंडिया में शामिल

## बोले- परिवार और कोच के सहयोग से यहां तक पहुंचा

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बचपन से क्रिकेट का जुनून, परिवार ने हैदरगढ़ से बाराबंकी शिफ्ट होकर दिलाए बेहतर मौके, चोटिल वरुण चक्रवर्ती की जगह टी-20 टीम में शामिल बाराबंकी के युवा क्रिकेटर और लेग स्पिन ऑलराउंडर विप्रज निगम का चयन भारतीय पुरुष टी-20 क्रिकेट टीम में हुआ है। बाराबंकी के युवा क्रिकेटर विप्रज निगम ने बुधवार शाम 16 सितंबर को टीम इंडिया में जगह बनाकर जिले का नाम रोशन किया है। लेग स्पिन ऑलराउंडर विप्रज को एशियन गेम्स के लिए भारतीय टी-20 टीम में शामिल किया गया है। बचपन से क्रिकेट का सपना देखने वाले विप्रज ने परिवार के सहयोग और कोच की ट्रेनिंग के



साथ इस मुकाम तक का सफर तय किया। अब टीम इंडिया की जर्सी पहनने से पहले उनसे जानेंगे कि इस सफर में किन चुनौतियों का सामना किया, चयन की खबर मिलने पर उनकी पहली प्रतिक्रिया क्या थी और अंतरराष्ट्रीय मंच पर खेलने को लेकर उनकी तैयारी कैसी है। विप्रज के परिवार के मुताबिक, पढ़ाई में अच्छे होने के बावजूद उनका रुझान बचपन से क्रिकेट की ओर था। क्रिकेट में बेहतर मौके दिलाने के लिए परिवार हैदरगढ़ से बाराबंकी के आवास विकास क्षेत्र में आकर रहने लगा। छोटी उम्र से ही उन्होंने क्रिकेट की प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। विप्रज की प्रतिभा को कोच सरवर नवाब ने पहचाना और उन्हें प्रशिक्षण देना शुरू किया। पढ़ाई के साथ क्रिकेट की तैयारी जारी रखते हुए विप्रज ने लगातार मेहनत की। परिवार का कहना है कि उनके इस सफर में मां-पिता और पूरे परिवार का लगातार सहयोग रहा। एशियन गेम्स में भारतीय टीम का हिस्सा बनने के बाद विप्रज के सामने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित करने का मौका है। उनके चयन से बाराबंकी के क्रिकेट प्रेमियों और युवा खिलाड़ियों में उत्साह है।

# हरदोई में सड़क किनारे मिला बुजुर्ग का शव

## बांगरमऊ से लौट रहे थे, अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत की आशंका

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई के बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र में हरदोई-प्रतापगढ़ मार्ग पर घरेहरा पुल के पास गुरुवार सुबह करीब 8 बजे एक 70 वर्षीय बुजुर्ग का शव सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। मृतक की पहचान सीतापुर जिले के मछरेहटा थाना क्षेत्र के राठौरपुर गांव निवासी साबिर अली के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार सुबह कुछ ग्रामीण घरेहरा पुल के पास मशरूम खोदने गए थे। इसी दौरान उन्होंने सड़क किनारे बुजुर्ग का शव पड़ा देखा। ग्रामीणों ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी। बेनीगंज कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के



लिए हरदोई जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक के बेटे सनील ने बताया कि पुलिस ने उन्हें पिता की मौत की सूचना दी। परिजनों के मुताबिक, साबिर अली तीन-चार दिन पहले बांगरमऊ गए थे और बुधवार को वहां से वापस लौट रहे थे। परिवार को आशंका है कि लौटते समय प्रताप नगर-हरदोई मार्ग पर उनके साथ हादसा हुआ होगा। साबिर अली के परिवार में पत्नी साजिदा, चार बेटे और एक बेटी हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 14 साल की लड़की से रेप

## गांव के युवक ने वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया, एसपी से शिकायत

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव के सफीपुर थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने गांव के ही एक युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस को दिए शिकायती पत्र के अनुसार, यह घटना 14 सितंबर की दोपहर करीब दो बजे की बताई गई है। किशोरी की मां ने बताया कि घटना के समय उनकी बेटी घर पर अकेली थी। इसी दौरान गांव का बब्लू पुत्र ओम प्रकाश उनके घर में घुस आया। आरोप है कि युवक ने तमंचे के बल पर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि आरोपी ने मोबाइल से किशोरी के अश्लील फोटो और वीडियो भी



लड़की और उसकी मां ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

बना लिए। इसके बाद आरोपी उन वीडियो और फोटो के नाम पर किशोरी को ब्लैकमेल करने लगा। वह किशोरी पर दोबारा गलत काम करने का दबाव बना रहा था। विरोध करने पर आरोपी ने किशोरी की अश्लील तस्वीरें गांव के अन्य बच्चों को दिखाने की भी धमकी दी। किशोरी की मां के मुताबिक, घटना की जानकारी होने के बाद जब आरोपी की मां से इसकी शिकायत की गई, तो आरोपी पक्ष ने पीड़िता और उसकी बेटी के साथ कथित तौर पर अभद्रता की। शिकायत में जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने और परिवार के सभी सदस्यों को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। घटना के बाद परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई। शिकायती पत्र में किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराने, आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और मामले की जांच कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि घटना के बाद किशोरी और परिवार के लोग डरे हुए हैं। उन्होंने आरोपी द्वारा बनाए गए कथित अश्लील फोटो-वीडियो के दुरुपयोग को लेकर भी कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष सफीपुर संदीप मिश्रा ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच कराने की बात कही है।

## बैनर को लेकर शुरू हुआ विवाद, विधायक से भी धक्का मुक्की, सपा जिलाध्यक्ष और एसएचओ में नोकझोक

# पुलिस ने सपा कार्यकर्ताओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

तमसा संकेत, एजेंसी

रायबरेली। रायबरेली में फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज परिसर में समाजवादी छात्र सभा के PDA जागरूकता एवं सदस्यता अभियान के दौरान गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) और सपा से जुड़े छात्र कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। कॉलेज के मुख्य गेट के पास लगाए गए सदस्यता अभियान के बैनर को लेकर शुरू हुई कहासुनी कुछ ही देर में विवाद में बदल गई। दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज और बदसलूकी के आरोप लगे। स्थानीय रिपोर्ट के मुताबिक, विवाद की शुरुआत बैनर को लेकर हुई थी और इसके बाद दोनों पक्षों में तीखी कहासुनी हुई। विवाद की जानकारी मिलने पर सपा



जिलाध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र यादव भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया। कुछ देर बाद पुलिस से बातचीत होने पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। इसके बाद नगर कोतवाल शिव शंकर सिंह भी वहां पहुंचे। मौके पर सपा जिलाध्यक्ष और कोतवाल के बीच भी तीखी बहस हुई। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर अभद्रता के आरोप लगाए गए।

### एसपी कार्यालय पहुंचा विवाद, दोनों पक्षों की नारेबाजी

*कॉलेज परिसर का विवाद बाद में पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक पहुंच गया। ABVP और सपा से जुड़े कार्यकर्ता एसपी कार्यालय पहुंचे और अपनी-अपनी शिकायत को लेकर प्रदर्शन किया। दोनों पक्षों की ओर से जमकर नारेबाजी की गई। स्थिति को देखते हुए एसपी कार्यालय के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। सपा कार्यकर्ताओं ने शहर कोतवाली प्रभारी शिव शंकर सिंह को हटाने की मांग उठाई। वहीं, ABVP कार्यकर्ता भी एसपी कार्यालय के सामने धरने पर बैठे रहे। प्रदर्शन के दौरान माहौल लगातार तनावपूर्ण बना रहा। एसपी कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने वहां से हटाने का प्रयास किया। इसी दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बनी। सपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें थप्पड़ और लात-घूंसों से पीटा तथा लाठीचार्ज कर कार्यालय के सामने से हटा दिया। घटना का वीडियो भी सामने आने की बात कही जा रही है।*

## समीक्षा : उन्नाव में 2000 रुपये से ज्यादा के लेनदेन पर अतिरिक्त चार्ज वापस लेने की मांग

# यूपीआई शुल्क के विरोध में कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में 2,000 रुपए से अधिक के चुनिंदा UPI भुगतान पर 0.4 प्रतिशत MDR लागू किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने गुरुवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया। शहर कांग्रेस और कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ की ओर से छोटे चौराहे से बड़े चौराहे तक अभियान चलाकर व्यापारियों और आम लोगों से हस्ताक्षर कराए गए। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से इस व्यवस्था की समीक्षा कर व्यापारियों पर पड़ने वाले अतिरिक्त आर्थिक बोझ को हटाने की मांग की। कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव एवं प्रवक्ता तन्मय श्रीवास्तव ने कहा कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनके



मुताबिक व्यापारी पहले से महंगाई, बिजली बिल, किराया, कर्मचारियों के वेतन और अन्य कारोबारी खर्चों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में डिजिटल भुगतान से जुड़ी अतिरिक्त लागत उनके लिए परेशानी बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व्यापारियों की समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाती रहेगी।

**तन्मय श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की नीतियों पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से आम लोगों और व्यापारियों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हस्ताक्षर अभियान के जरिए लोगों की आपत्तियां सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है।**



### बोले- हस्ताक्षर के जरिए सरकार तक पहुंचाएंगे आपत्तियां

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से व्यापारियों और आम लोगों की आपत्तियों को एकजुट कर सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखा जाएगा। अभियान में नसीम खान, इम्तियाज, शाश्वत बाजपेई, सरफराज गांधी, शकील खान, ओम पांडे, मीसम रजा, आशीष त्रिपाठी, ज्योति आर्या और अरविंद सोनी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने एमडीआर की समीक्षा की मांग की

शहर कांग्रेस अध्यक्ष फैज फारूकी ने केंद्र सरकार से व्यापारी हितों को ध्यान में रखते हुए MDR व्यवस्था की समीक्षा करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के साथ व्यापारियों की सुविधा और आर्थिक हितों का भी ध्यान रखा जाना जरूरी है।

# देवरानी-जेठानी में मारपीट

## भैंस बांधने को लेकर भिड़ीं, समाधान दिवस में होगा निपटारा

तमसा संकेत एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव के दही थाना क्षेत्र के बरिगांव में जमीन पर भैंस बांधने को लेकर देवरानी और जेठानी के बीच झगड़ा हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस घटना का वीडियो सामने आया है। मामले में दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर अलग-अलग शिकायतें दी हैं। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में यह जमीन से जुड़ा विवाद लग रहा है। दोनों पक्षों को समाधान दिवस में बुलाकर मामले को निपटाने की कोशिश की जा रही है। भैंस बांधने को लेकर देवरानी-जेठानी में जमकर मारपीट हुई।

भैंस बांधने को लेकर देवरानी-जेठानी में जमकर मारपीट हुई। बरिगांव की रहने वाली रामकली पत्नी जीतबहादुर का आरोप है कि उनकी जमीन पर जेठानी शिवदेवी



पत्नी मेवालाल ने अपनी भैंस बांध दी थी। रामकली ने इस पर विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई और विवाद बढ़ने पर मारपीट हो गई। इस दौरान किसी ने घटना का वीडियो बना लिया, जो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में दोनों महिलाओं के बीच मारपीट होती दिख रही है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस को इस मामले की जानकारी मिली। हालांकि, वायरल वीडियो की अलग से पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद दोनों पक्षों ने दही थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत पत्र दिए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, विवाद की मुख्य वजह जमीन पर कब्जे और उसके उपयोग को लेकर आपसी झगड़ा बताया जा रहा है। इसी को देखते हुए दोनों पक्षों को समाधान दिवस में बुलाया गया है। वहां राजस्व और पुलिस अफसरों की मौजूदगी में मामले को सुलझाने की कोशिश की जाएगी। इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि बरिगांव में देवरानी-जेठानी के बीच जमीन पर भैंस बांधने को लेकर विवाद हुआ था। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से शिकायत पत्र मिले हैं। यह मामला जमीन संबंधी विवाद से जुड़ा है और इसकी जांच की जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के हिसाब से आगे कार्रवाई की जाएगी।

# सम्पादकीय

## सुनिश्चित हो अध्यापकों की योग्यता



आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन यानी ओईसीडी के अंतरराष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम (पीसा) की इन दिनों पूरी दुनिया में चर्चा है। समूह में सम्मिलित देशों के अतिरिक्त शिक्षा सुधार में रुचि लेने वाले देशों में भी इसकी चर्चा हो रही है। रिपोर्ट 15-वर्ष आयु वर्ग के 91 देशों और अर्थव्यवस्थाओं के 7,60,000 बच्चों की 2025 में अर्जित उपलब्धियों का अध्ययन एवं विश्लेषण प्रस्तुत करती है। यह गणित, विज्ञान एवं अन्य विषयों को पढ़ने की क्षमताओं पर केंद्रित है। पीसा की प्रक्रिया वर्ष 2000 में प्रारंभ हुई थी।

भारत ने केवल 2009 में ही इसमें भाग लिया और उस अध्ययन को तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश के बच्चों पर केंद्रित किया गया। उसमें भारत का शैक्षिक स्तर 73 और 74वें क्रम पर रहा। इससे देश की किरकिरी हुई और तत्कालीन सरकार ने इसमें भागीदारी पर विराम लगा दिया। भले ही भारत ने 2025 के कार्यक्रम में भाग न लिया हो, लेकिन इसके परिणामों का अध्ययन अत्यंत लाभदायक हो सकता है, क्योंकि जिस तेजी से इतिहास के इस मोड़ पर शैक्षिक परिवर्तन हो रहे हैं, वह कल्पनातीत है। ऐसे में सारी व्यवस्था और उसकी कार्यसंस्कृति में त्वरित सुधार ही गतिशीलता बनाए रखने में सहायक हो सकते हैं।

वर्ष 2025 की इस रिपोर्ट को वर्तमान परिस्थितिजन्य और शिक्षणशास्त्रीय परिवर्तन को ध्यान में रखकर देखें तो स्पष्ट हो जाएगा कि पीसा रिपोर्ट के निष्कर्ष में कुछ भी अनपेक्षित नहीं। इस रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में पढ़ने या कहें कि पढ़ने के कौशल में रुचि में 28 पाइंट का औसत घटाव हुआ है। यह वैसा ही है, जैसा भारत में हर सतर्क और सजग अध्यापक देख रहा है। वैसे यह घटाव केवल ओईसीडी देशों में ही था। बाकी में इसमें पहले जैसा ही ठहराव मिला।

संभवतः उन देशों में मोबाइल, इंटरनेट और एआई का प्रवेश सीमित रहा होगा। रिपोर्ट में यह तथ्य भी दोहराया गया कि संसाधनों की कमी और सक्षम तथा प्रशिक्षित अध्यापकों का अभाव अभी भी एक विश्वव्यापी समस्या है। कहीं कम कहीं ज्यादा। बच्चों की रुचियां भी तेजी से बदल रही हैं। उनके तनाव के मोर्चे बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में उन्हें प्रशिक्षित और संवेदनशील अध्यपक ही नहीं, अपितु उचित छात्र-अध्यापक अनुपात में परामर्शदाता भी चाहिए, जो अधिक समय देकर उन्हें सही दिशा में सोचने और समझने के साथ ही उनमें संवेदनशीलता के भाव को विकसित करा सकें।

पीसा रिपोर्ट ने विज्ञान से प्राप्त तथ्यों और साक्ष्यों के सूक्ष्म विश्लेषण की क्षमता के आकलन का भी प्रयास किया। यह भी देखा है कि अपने समक्ष अपार सूचना भंडार में से सही और गलत का भेद करने के कौशल की क्या स्थिति है। यह न भूला जाए कि आने वाली पीढ़ी को जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं के समाधान ढूंढ़ने होंगे। यह सोच भारत में पाठ्यक्रम तैयार करने वाले विशेषज्ञों को भी अपनाना चाहिए। आज भी भारत में ऐसे संस्थान खुलते जा रहे हैं, जो दशकों पहले की आवश्यकतानुसार तैयार हुए पाठ्यक्रम ही पढ़ा रहे हैं। पीसा रिपोर्ट के निष्कर्ष देखकर मेरे जैसे अध्यापकों को अपनी स्थिति और कमियों को लेकर चिंताग्रस्त होना स्वाभाविक है।

टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज के एक सर्वेक्षण के अनुसार देश के 48 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में एक अध्यापक एक साथ कई कक्षाओं को पढ़ाता है, क्योंकि अध्यापकों की कमी है। इस कमी के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों के 54 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों के 47 प्रतिशत अध्यापक अपने वर्ग को चुनावों, जनगणना जैसे प्रशासनिक कार्यों में लगाए जाने को बच्चों के लिए अहितकर मानते हैं। ऐसी परिस्थितियां स्कूलों की कार्यसंस्कृति में हताशा, निराशा और अपमान भाव को जन्म देती हैं। क्या शिक्षा के मूल अधिकार अधिनियम में यह उत्तरदायित्व निहित नहीं है कि सुयोग्य, निष्ठावान तथा संवेदनशील अध्यापक मिलना भी बच्चे का मूल अधिकार है? केंद्र सरकार ने 1986/92 की शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के समय 'आपरेशन ब्लैकबोर्ड' नाम से एक परियोजना चलाई थी। इसमें लक्ष्य यह रखा गया था कि एक-कमरे-एक अध्यापक वाले हर स्कूल को त्वरित गति से कम से कम दो कमरे-दो अध्यापक वाले स्कूलों में परिवर्तित किया जाए। इसका सारा व्यय केंद्र सरकार ने उठाया। ये दोनों लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए थे। हालांकि व्यवस्थागत शिथिलता का परिणाम यह है कि आज भी भारत में एक लाख से अधिक एक-अध्यापक वाले स्कूल हैं। परिणामस्वरूप लोग निजी स्कूलों की ओर रुख कर रहे हैं और इसमें निजी स्कूलों की मनमानी लगातार बढ़ रही है। सरकारी स्कूलों की साख घटी है और वहां वही बच्चे पढ़ रहे हैं, जिनके पास और कोई विकल्प नहीं है। पिछले दशक में एक लाख के करीब सरकारी स्कूल बंद हुए हैं।

# यूपीआई शुल्कः सुविधाओं का विस्तार या उपभोक्ता पर बोझ?

> सबसे महत्वपूर्ण बात उपभोक्ता विश्वास की है। डिजिटल अर्थव्यवस्था विश्वास पर चलती है। यदि आज किसी सेवा को 'मुफ्त' बताया जाए और कल अचानक उसकी लागत सामने आए, तो उपभोक्ता में अविश्वास पैदा हो सकता है।




भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में यूपीआई केवल भुगतान का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि वह रोजमर्रा के आर्थिक व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। सब्जी वाले से लेकर बड़े कारोबारी तक, टैक्सी से लेकर ऑनलाइन खरीदारी तक और घरेलू लेन-देन से लेकर व्यावसायिक भुगतान तक-यूपीआई ने पैसे के लेन-देन की आदत, गति और भाषा तीनों बदल दी हैं। ऐसे में यूपीआई से जुड़े शुल्क की व्यवस्था केवल बैंकिंग या फिनटेक कंपनियों का कारोबारी विषय नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध उपभोक्ता की आदत, छोटे व्यापार की लागत और भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा से है। यहां एक तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट करना जरूरी है। सितंबर 2026 में सरकार ने जो नया ढांचा स्पष्ट किया है, उसके अनुसार व्यक्ति से व्यक्ति यानी पी2पी को यूपीआई भुगतान किसी भी राशि पर निःशुल्क रहेगा। रू.2,000 तक के व्यापारी भुगतान पर भी एमडीआर नहीं है। रू.2,000 से अधिक के कुछ पी2एम यानी ग्राहक से व्यापारी भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर का प्रावधान किया गया है और रू.75,000 या उससे अधिक के लेन-देन पर प्रति लेन-देन अधिकतम रू. 300 की सीमा रखी गई है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह शुल्क ग्राहक से सीधे वसूल किया जाने वाला लेन-देन शुल्क नहीं है, बल्कि व्यापारी-पक्ष का एमडीआर है।

फिर भी इस बदलाव को केवल 'शुल्क लगा या नहीं लगा' के प्रश्न तक सीमित करना उचित नहीं होगा। असली सवाल यह है कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था को लंबे समय तक टिकाऊ कैसे बनाया जाए और उसकी लागत किसके हिस्से में जाए। यूपीआई की सफलता का सबसे बड़ा कारण उसकी सरलता और लगभग बिना लागत की अनुभूति रही है। अगस्त 2026 में यूपीआई पर करीब 24.51 अरब लेन-देन हुए, जिनका कुल मूल्य लगभग रू.29.82 लाख करोड़ रहा। यह आंकड़ा बताता है कि यूपीआई अब किसी वैकल्पिक भुगतान माध्यम की श्रेणी में नहीं, बल्कि भारत के आर्थिक जीवन के बुनियादी ढांचे में शामिल हो चुका है। यूपीआई के इस विस्तार के पीछे एक मनोवैज्ञानिक परिवर्तन भी हुआ है। लोगों ने डिजिटल भुगतान को केवल सुविधा नहीं, स्वाभाविक व्यवहार मान लिया है। पहले दस रुपये, पचास रुपये या सौ रुपये के लिए जेब से नकद निकालना सामान्य थाय आज वही भुगतान मोबाइल से कुछ सेकंड में हो जाता है। जब कोई सेवा वर्षों तक निःशुल्क उपलब्ध रहती है तो उपभोक्ता उसके पीछे मौजूद तकनीकी, बैंकिंग और साइबर-सुरक्षा लागत को लगभग भूल जाता है। इसलिए बाद में किसी प्रकार का शुल्क या लागत सामने आने पर स्वाभाविक रूप से असहजता पैदा होती है। यहीं आधुनिक बाजार व्यवस्था की एक बड़ी विसंगति दिखाई देती है। अनेक डिजिटल और उपभोक्ता सेवाएं पहले मुफ्त, अत्यंत सस्ती या भारी छूट के साथ उपलब्ध कराई जाती हैं। उपभोक्ता को उस सुविधा का अभ्यस्त बनाया जाता है, बाजार में उसका व्यवहार बदलता है और प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ने के बाद लागत की नई संरचना सामने आती है। ओला-उबर जैसी सेवाओं से लेकर ऑनलाइन व्यापार, डिजिटल सदस्यता और विभिन्न प्लेटफॉर्म सेवाओं तक इस मॉडल के अलग-अलग रूप दिखाई देते हैं। यह कहना उचित नहीं होगा कि हर मामले में यही रणनीति अपनाई जाती है, लेकिन उपभोक्ता के दृष्टिकोण से प्रश्न महत्वपूर्ण है-यदि किसी सेवा की दीर्घकालिक लागत है तो उसकी जानकारी शुरुआत से स्पष्ट क्यों न हो? यूपीआई के मामले में यह प्रश्न और गंभीर है क्योंकि इसके उपयोग-कर्ता केवल शहरी मध्यमवर्ग नहीं हैं। छोटे दुकानदार, स्ट्रीट वेंडर, घरेलू उद्यमी, ग्रामीण उपभोक्ता और पहली बार बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े लोग भी इसके बड़े हिस्से हैं। सरकार की 2025 की प्रोत्साहन योजना में भी छोटे व्यापारियों के रू.2,000 तक के भीम-यूपीआई भुगतान को शून्य एमडीआर के दायरे में रखते हुए रू.1,500 करोड़ का प्रावधान किया गया था। इसका उद्देश्य छोटे व्यापारियों के बीच डिजिटल भुगतान को बढ़ाना और भुगतान ढांचे को मजबूत करना था। इसलिए शुल्क की किसी भी व्यवस्था का पहला सिद्धांत होना चाहिए-छोटे भुगतान और छोटे कारोबार की रक्षा। रू.100, रू.500 या रू.1,000 के भुगतान पर लागत बढ़ाने वाला मॉडल डिजिटल समावेशन की भावना के विपरीत जा सकता है। इसके विपरीत बड़े व्यावसायिक भुगतान से जुड़ी लागत को अलग तरीके से देखा जा सकता है, बशर्ते शुल्क पारदर्शी, सीमित और पूर्व घोषित हो तथा उसका भार अनुचित रूप से ग्राहक पर न डाला जाए। यहां डेबिट और क्रेडिट कार्ड का उदाहरण भी महत्वपूर्ण है। यूपीआई के व्यापक प्रसार ने कार्ड भुगतान को रोजमर्रा के छोटे भुगतानों में पीछे धकेला है। यदि यूपीआई के कुछ बड़े व्यापारी लेन-देन पर लागत बढ़ती है तो कुछ कारोबारी वैकल्पिक भुगतान माध्यमों की ओर देख सकते हैं। कार्ड, नेट बैंकिंग, वॉलेट या अन्य डिजिटल माध्यम फिर कुछ क्षेत्रों में अधिक सक्रिय हो सकते हैं। इससे भुगतान बाजार में विविधता बढ़ सकती है, लेकिन यदि उपभोक्ता को हर माध्यम में अलग-अलग शुल्क, सुविधा और शर्तों का सामना करना पड़े तो डिजिटल भुगतान की सरलता कमजोर भी हो सकती है। इसलिए प्रतिस्पर्धा का उद्देश्य केवल माध्यम बदलना नहीं, बल्कि उपभोक्ता को बेहतर विकल्प देना होना चाहिए। दूसरी ओर यूपीआई को मुफ्त बनाए रखने की भी कीमत है। भुगतान प्रणाली को चौबीसों घंटे चलाने के लिए बैंकिंग सर्वर, डेटा सेंटर, साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी रोकने वाली प्रणालियां, ग्राहक सहायता और तकनीकी उन्नयन पर लगातार खर्च होता है। जैसे-जैसे लेन-देन बढ़ते हैं, वैसे-वैसे विश्वसनीयता और क्षमता पर निवेश की आवश्यकता भी बढ़ती है। सरकार की 2025 की योजना में भी तकनीकी विफलताओं को घटाने और सिस्टम अपटाइम सुधारने को प्रोत्साहन से जोड़ा गया था। इसलिए सवाल यह नहीं होना चाहिए कि यूपीआई की हर सेवा हमेशा मुफ्त रहे या नहीं, सवाल यह होना चाहिए कि उसकी लागत का न्यायपूर्ण और पारदर्शी वितरण कैसे हो। सरकार, बैंक, फिनटेक कंपनियां और भुगतान नेटवर्क यदि इस व्यवस्था से आर्थिक लाभ लेते हैं तो उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि सुरक्षा, विश्वसनीयता और नवाचार पर पर्याप्त निवेश हो।

**- ललित गर्ग**

## मूर्ति के साथ फूल...

मुकेश कुमार

# मूर्ति विसर्जनः आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश

भारत में धार्मिक पर्व केवल पूजा.पाठ तक सीमित नहीं हैंए बल्कि वे हमारी संस्कृतिए परंपरा और सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। गणेश चतुर्थीए दुर्गा पूजा और विश्वकर्मा पूजा जैसे अवसरों पर श्रद्धालु पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मूर्ति स्थापित करते हैं और पूजा के बाद विसर्जन की परंपरा निभाते हैं। यह परंपरा लोगों की धार्मिक भावनाओं से जुड़ी है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि आस्था के साथ.साथ अपने पर्यावरण और जल स्रोतों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। मूर्ति विसर्जन का पर्यावरण पर प्रभाव मुख्य रूप से इस बात पर निर्भर करता है कि मूर्ति किस सामग्री से बनी है और उसका विसर्जन किस प्रकार किया जा रहा है। मिट्टी से बनी मूर्तियां प्राकृतिक रूप से पानी में घुल सकती हैंए लेकिन प्लास्टर ऑफ पेरिस ;च्व्च्द्धए सिंथेटिक रंगए प्लास्टिकए थर्मोकोल और अन्य सजावटी सामग्री जल स्रोतों में जाने पर समस्या पैदा कर सकती हैं।

हाल के वैज्ञानिक अध्ययनों में भी मूर्ति विसर्जन के बाद जल की गुणवत्ता में होने वाले बदलावों का अध्ययन किया गया है। वर्ष 2025 में चेन्नई के अड्यार क्षेत्र में किए गए एक अध्ययन में गणेश मूर्ति विसर्जन से पहले और बाद में पानी की गुणवत्ता तथा जलीय जीवों पर





संभावित प्रभावों का अध्ययन किया गया। वर्ष 2026 में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन में गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान झील के पानी में मौजूद घुले और तैरते ठोस पदार्थों यानी ज्ॅ में होने वाले बदलावों का अध्ययन किया गया। महाराष्ट्र की असना नदी में भी 2024 और 2025 के गणेश उत्सव के दौरान मूर्ति विसर्जन से जुड़े जल गुणवत्ता मानकों और कुछ भारी धातुओं की निगरानी की गई।

मूर्ति के साथ फूल.मालाए कपड़ेए प्लास्टिक और अन्य पूजा सामग्री को पानी में डालने से भी जल में कचरे की मात्रा बढ़ती है। इससे पानी की स्वच्छता प्रभावित हो सकती है और जलीय जीवों के लिए भी समस्या उत्पन्न हो सकती है। हालांकि किसी नदी या तालाब पर वास्तविक प्रभाव कितना पड़ा हैए इसका सही पता वैज्ञानिक जांच और पानी के नमूनों के परीक्षण से ही लगाया जा सकता है।

पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हमें अपनी परंपरा को रोकने की जरूरत नहीं हैए बल्कि उसे पर्यावरण.अनुकूल बनाने की जरूरत है। गणेश चतुर्थी और अन्य धार्मिक अवसरों पर मिट्टी से बनी मूर्तियों को प्राथमिकता दें और प्राकृतिक या पर्यावरण.अनुकूल रंगों का प्रयोग करें। प्लास्टिक और थर्मोकोल से बनी सजावटी सामग्री का उपयोग कम करें। पूजा के बाद फूल.मालाए कपड़ेए प्लास्टिक और अन्य सामग्री को नदीए तालाब या झील में न डालें। इन्हें अलग.अलग कचरा संग्रह स्थान पर दें। प्रशासन द्वारा बनाए गए कृत्रिम विसर्जन कुंड या निर्धारित विसर्जन स्थल का उपयोग करें। इससे सीधे प्राकृतिक जल स्रोतों में कचरा जाने से रोका जा सकता है।

धार्मिक समितियां भी विसर्जन से पहले लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर सकती हैं। प्रशासन द्वारा विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त सफाई व्यवस्थाए कचरा संग्रह और विसर्जन के बाद अवशेषों को हटाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। जल स्रोतों की नियमित जांच भी उपयोगी होगी।

धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण एक.दूसरे के विरोधी नहीं हैं। हमारी संस्कृति में जलए नदियों और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना हमेशा से रही है। इसलिए त्योहार मनाते समय प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को याद रखना भी हमारी जिम्मेदारी है।

मूर्ति का विसर्जन होए प्रदूषण का नहीं। आस्था भी बनी रहे और हमारी नदियांए तालाब और झीलें भी स्वच्छ रहें।

## पीलीभीत ...

रवि यादव

# प्रदेश का पीलीभीत रिजर्व टाइगर संरक्षण, जैव विविधता और इको-टूरिज्म से पर्यटकों को कर रहा है आकर्षित

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का पीलीभीत टाइगर रिजर्व आज बाघ संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन और इको-टूरिज्म के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहचान बना रहा है। वन्यजीव संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय समुदायों की भागीदारी, पर्यावरण अनुकूल गतिविधियों और मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को कम करने के प्रयासों ने इस क्षेत्र को संरक्षण के एक प्रभावी मॉडल के रूप में स्थापित किया है। इसी दिशा में पीलीभीत बाघ संरक्षण फाउंडेशन लगातार कार्य कर रहा है।

प्रदेश सरकार के इन्हीं प्रयासों को आगे बढ़ाने और फाउंडेशन के कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य से 09 सितंबर, 2026 को वन विभाग मुख्यालय स्थित पारिजात कक्ष में पीलीभीत बाघ संरक्षण फाउंडेशन के शासी निकाय की तृतीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासी निकाय की पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई। इसके अलावा पर्यटन सत्र 2026-27 के लिए प्रस्तावित दरों तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में फाउंडेशन के पास उपलब्ध धनराशि के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले कार्यों पर भी चर्चा हुई। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बेहतर प्रबंधन, पर्यटकों के लिए सुविधाओं के विस्तार और संरक्षण गतिविधियों को प्रभावी बनाने से जुड़े प्रस्तावों को शासी निकाय ने मंजूरी प्रदान की।

प्रदेश सरकार ने मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए विशेष व्यवस्था की है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के आसपास रहने वाली आबादी और वन्यजीवों के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करना संरक्षण की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। बाघों और अन्य वन्यजीवों की बढ़ती गतिविधियों के बीच मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग द्वारा लगातार निगरानी और जागरूकता के प्रयास किए जा रहे हैं। मानव-वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित ग्रामवासियों और उनके परिवारों के प्रति संवेदनशीलता का व्यवहार किया जा रहा है। शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाएं और सहायता पीड़ित परिवारों को तत्काल उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि संकट की स्थिति में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रदेश सरकार द्वारा वन्यजीव संरक्षण केवल जंगल और वन्यजीवों की सुरक्षा तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि उन समुदायों के हितों की रक्षा भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो जंगलों के आसपास रहते हैं और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वन क्षेत्र से जुड़े हैं।

**इको-टूरिज्म को मिला बढ़ावा**

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघों के संरक्षण के साथ इको-टूरिज्म को भी बढ़ावा मिल रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध जैव विविधता और बाघों की उपस्थिति के कारण पीलीभीत टाइगर रिजर्व पर्यटकों के लिए लगातार आकर्षण का केंद्र बन रहा है। पर्यटकों को अधिक से अधिक पर्यावरण मित्र सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसी सुविधाओं के विकास पर जोर दिया जा रहा है, जिनसे पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिले साथ ही प्राकृतिक पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव भी न पड़े।

## जरा हटके

## इटावा के निवासी ...

डॉ0 सीमा गुप्ता

# ज़रूरतमंदों तक पहुँची समाज कल्याण की योजनाएं

प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के वंचित, निर्बल और उपेक्षित वर्गों के सर्वांगीण विकास एवं उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग के माध्यम से अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। श्अंत्योदयश् की मूल भावना को अंगीकार करते हुए संचालित इन कार्यक्रमों का प्राथमिक ध्येय समाज के अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक नागरिक को सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक संबल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराना है। संपूर्ण वितरण व्यवस्था को डिजिटल तकनीक, आधार प्रमाणीकरण और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) से आच्छादित कर पारदर्शी बनाया गया है, जिससे बिचौलियों की भूमिका पूर्णतः समाप्त हो गई है। कल्याणकारी नीतियों के इस राज्यव्यापी विस्तार में जनपद इटावा में योजनाओं के प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन के ठोस परिणाम दृष्टिगोचर हो रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा योजनाओं की शत-प्रतिशत संतृप्ति (सैचुरे-शन) सुनिश्चित करने के लिए नियमित समीक्षा, स्थलीय सत्यापन और तकनीकी सुगमता पर विशेष बल दिया जा रहा है। इटावा में वृद्धावस्था पेंशन, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने लक्षित वर्गों के सामाजिक-आर्थिक स्तर में युगांतरकारी सुधार किया है। वरिष्ठ नागरिकों की गरिमा, स्वास्थ्य सुरक्षा और वित्तीय आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना सामाजिक सुरक्षा ढांचे का प्रमुख आधार है। 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के पात्र वृद्धजनों को 1,000 प्रतिमाह की दर से वित्तीय सहायता सीधे उनके आधार-सीडेड बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है। जनपद इटावा में इस योजना के अंतर्गत व्यापक स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों को आच्छादित कर उन्हें वित्तीय परावलं-बन से मुक्ति दिलाई गई है। जनपद इटावा के यशोदा नगर निवासी श्री बृजकिशोर का जीवन इस योजना की सार्थकता का स्पष्ट प्रमाण है। जीवन के उत्तरार्ध में आजीविका का कोई नियमित साधन न होने की स्थिति में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त पेंशन राशि से उनके दैनिक जीवन और चिकित्सा संबंधी आवश्यक खर्च पूरे हो रहे हैं। समयबद्ध डीबीटी अंतरण के माध्यम से उन्हें आर्थिक अनिश्चितता से मुक्ति मिली है, जिससे वे अपने परिवार और समाज में पहले से अधिक सुरक्षित एवं सम्मानित जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

शैक्षिक विषमता को दूर करने और उच्च शिक्षा में वंचित वर्गों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति तथा शुल्क प्रतिपूर्ति योजना का क्रियान्वयन पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया जा रहा है। अनुसूचित जाति, सामान्य वर्ग तथा अन्य पात्र श्रेणियों के निर्धन विद्यार्थियों के लिए यह व्यवस्था सुनिश्चित करती है कि आर्थिक अभाव किसी भी मेधावी छात्र की प्रगति में अवरोध न बने। डिजिटल प्रणाली के माध्यम से आवेदन से लेकर स्वीकृति तक की संपूर्ण प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से निस्तारित किया जा रहा है।

इटावा के निवासी और बी.टेक चतुर्थ वर्ष के छात्र श्री अंशुल कुमार के लिए यह योजना भविष्य निर्माण का संबल सिद्ध हुई है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से होने के कारण तकनीकी शिक्षा का व्यय वहन करना उनके परिवार के लिए अत्यंत कठिन था। समाज कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति से उन्हें समय पर आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके फलस्वरूप वे बिना किसी वित्तीय व्यवधान के अपनी डिग्री पूर्ण करने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर हैं। किसी भी निर्धन परिवार के मुखिया सदस्य की असामयिक मृत्यु हो जाने पर उस परिवार को आकस्मिक आर्थिक संकट से उबारने हेतु राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग के मुख्य अर्जक के निधन पर निराश्रित परिवार को 30,000 की एकमुश्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। जनपद इटावा में जिला प्रशासन द्वारा ऐसे संकटग्रस्त मामलों में त्वरित सत्यापन सुनिश्चित कर परिवारों को त्वरित संबल प्रदान किया जा रहा है। जनपद इटावा की निवासी श्रीमती सुमन कुमारी के पारिवारिक जीवन में यह योजना संकटमोचक बनकर उभरी। पति के असामयिक निधन के उपरांत उत्पन्न विकट परिस्थितियों में उन्हें इस योजना के अंतर्गत 30,000 की सहायता राशि प्राप्त हुई। इस आर्थिक सहयोग ने उन्हें विषम परिस्थितियों में बिखरने से बचाया और बच्चों के भरण-पोषण तथा उनकी शिक्षा को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले ग्रामीण एवं निर्धन पृष्ठभूमि के प्रतिभावान युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए श्मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनाश् अत्यंत प्रभावी माध्यम बन चुकी है। इस योजना के अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीए-ससी), जेईई और नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं के लिए निःशुल्क भौतिक व वर्चुअल कक्षाएं, उच्च स्तरीय अध्ययन सामग्री तथा प्रतिष्ठित प्रशासनिक अधिकारियों व विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है।

जनपद इटावा में संचालित अभ्युदय केंद्र ने स्थानीय मेधावियों को सफलता की नई दिशा दी है। जनपद की कुमारी आकांक्षा राजपूत एवं श्री मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने इस योजना के तहत नियमित मार्गदर्शन प्राप्त कर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रशासनिक क्षमता का परिचय दिया है। यह सफलता इस तथ्य को रेखांकित करती है कि प्रतिभाओं को यदि उचित मंच और संसाधन मिलें तो वे किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर सकती हैं।

सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने, दहेज जैसी कुप्रथा पर अंकुश लगाने और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बेटियों के विवाह के वित्तीय बोझ से मुक्त कराने हेतु श्मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाश् एक अनुकरणीय पहल है। योजना के अंतर्गत प्रति जोड़ा निर्धारित अनुदान राशि सीधे कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है तथा वैवाहिक उपहार सामग्री व आयोजन की समुचित व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न कराई जाती है।

## काशी में लोलार्क कुंड के बाहर 3 किमी लंबी लाइन लगी, देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचे

# संतान-प्राप्ति के लिए साढ़े 4 लाख लोगों ने स्नान किया

**आस्था**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी। काशी में लोलार्क कुंड में स्नान के लिए श्रद्धालुओं की 3 किमी लंबी लाइन लगी है। कुंड जाने वाली आठों गलियां फुल हैं। लोलार्क षष्ठी का स्नान बुधवार की रात 12 बजे से शुरू हुा। गुरुवार की शाम 5 बजे तक साढ़े 4 लाख से ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं। कुंड में स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं को महज 30 सेकंड का समय दिया जा रहा है। इसके अलावा कपड़े बदलने की व्यवस्था कुंड के बाहर की गई है। कुंड में स्नान के दौरान श्रद्धालु एक



फल का भी दान करते हैं। संतान प्राप्ति की कामना के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचे हैं। अधिकांश लोग उदया तिथि की मान्यता के अनुसार सूर्योदय के बाद कुंड में डुबकी लगाने पहुंचे। सबसे पहले 51 डमरूओं के वादन से आरती की गई और फिर धीरे-धीरे श्रद्धालुओं का जत्था स्नान करने के लिए पहुंचने लगा। एक दिन पहले से ही बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, बंगाल, नेपाल के अलावा काशी के आसपास के जिलों से लोग पहुंच चुके हैं। धार्मिक मान्यता है कि भाद्रपद शुक्ल षष्ठी यानी लोलार्क षष्ठी के दिन सूर्यदेव के रथ का पहिया यहां गिरा था। इसी कारण इस स्थान का नाम लोलार्क पड़ा। मान्यता है कि इस दिन पति-पत्नी एक साथ लोलार्क कुंड में स्नान करें तो उन्हें संतान सुख की प्राप्ति होती है। वाराणसी में दोपहर 2.55 पर तेज बारिश के बीच लोलार्क कुंड में स्नान करने वाले खुद को बारिश से बचाते दिखे। हालांकि अभी भी लोग अपने बारी का इंतजार कर रहे हैं।



लोलार्क कुंड एक खड़े कुएं से जुड़ा हुआ और उसमें उतरने के लिए तीन तरफ से सीढ़ियां हैं।



डमरू वादन के बाद कुंड में स्नान शुरू हुआ। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई।

### लोलार्क कुंड से पांडेय हवेली तक डबल बैरिकेडिंग की गई

अत्याधुनिक ड्रोन से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। इस बार भदैनी स्थित लोलार्क कुंड से पांडेय हवेली तक डबल बैरिकेडिंग की गई है। मौसम को देखते हुए श्रद्धालुओं को धूप से राहत देने के लिए बैरिकेडिंग के ऊपर कपड़े की छांव की व्यवस्था की गई है। कुंड के पास जिग-जैग बैरिकेडिंग की गई है। प्रवेश और निकासी के अलग-अलग द्वार बनाए गए हैं, ताकि भीड़ एक जगह न जुट पाए।

### साढ़े 4 लाख लोगों ने किया दर्शन

लोलार्क कुंड में अब स्नान करने वालों की संख्या धीरे-धीरे कम हो रही है, लेकिन अभी भी सड़क तक लाइन लगी हुई है। शाम 5 बजे तक अनुमानित साढ़े 4 लाख लोगों ने दर्शन कर लिया है। प्रशासन का कहना है कि स्नान देर रात तक चलेगा। कुछ श्रद्धालु शाम को भी स्नान करने के लिए पहुंच रहे हैं। अस्सी घाट से विश्वनाथ मंदिर जाने वाले मार्ग पर अब दो पहिया वाहनों की आवा-जाही शुरू कर दी गई है।

## बलदेव में धूमधाम से मनाया गया दाऊजी महाराज का जन्मोत्सव



**तमसा संकेत, संवाददाता**

तलदेव। ब्रज के राजा ठाकुर श्री दाऊजी महाराज का जन्मोत्सव यमुना धाम कॉलोनी स्थित मनीष गर्गाचार्य के कार्यालय पर धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य मनीष गर्गाचार्य के सानिध्य में वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य हवन-पूजन का आयोजन किया गया। जन्मोत्सव के दौरान खोआ से बने केक का कटिंग किया गया और प्रसाद के रूप में उपस्थित श्रद्धालुओं को वितरित किया गया युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा ने कहा कि ठाकुर दाऊजी महाराज को ब्रज का राजा माना जाता है। ब्रजवासी और भक्त उन्हें स्नेहपूर्वक 'दाऊ दादा' के नाम से भी पुकारते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार द्वारका के राजा श्रीकृष्ण हैं, जबकि ब्रज में दाऊजी महाराज को राजा के रूप में विशेष सम्मान प्राप्त है। ब्रजमंडल में उनके प्रति संरक्षक और आराध्य का विशेष भाव माना जाता है। कार्यक्रम में युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा, बालाजी अखाड़ा के अध्यक्ष अजीत पहलवान, अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार, नारायण सिंह, रवेंद्र सिंह, मोहित गर्ग, शिवा गर्ग सहित अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**फास्ट न्यूज**

### योगी सरकार नागरिक सुरक्षा विभाग के 191 पदों पर जल्द करेगी भर्ती

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिन पहले ही एक कार्यक्रम में 19 सितंबर से एक लाख नई नौकरी देने का ऐलान किया था। इसी क्रम में नागरिक सुरक्षा विभाग में छह अलग-अलग पदों पर कुल 191 रिक्तियों पर भर्ती की शुरू कर दी गयी है। इसमें सबसे अधिक सहायक उप नियंत्रक (सा.वे.) के 104 पद शामिल हैं।

### 3 बच्चों की मां लड़की के साथ भागी

नरवल। कानपुर के महाराजपुर में तीन बच्चों की मां अपनी परिचित युवती के साथ घर से चली गई। दोनों की दोस्ती करीब एक साल पहले इंस्टाग्राम पर हुई थी। बातचीत बढ़ने के बाद दोनों ने साथ रहने का फैसला किया। परिजनों की सूचना पर महाराजपुर पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को महिला के पनकी में किराए के कमरे में रहने की जानकारी मिली। बुधवार को पुलिस ने दोनों को वहां से बरामद कर लिया। पुलिस दोनों को महाराजपुर थाने लेकर पहुंची। पूछताछ में दोनों ने साथ रहने की इच्छा जताई और घर लौटने से इनकार कर दिया।

### सपा नेता हत्याकांड सुबह से रात तक हंगामा

प्रयागराज। सपा नेता पवन यादव हत्याकांड को लेकर प्रयागराज में कई घंटे हंगामा चला। सरेआम हत्या किए जाने से गुस्साए परिजनों का आक्रोश लगातार बढ़ता गया। दोपहर में पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों ने हंगामा कर धरना शुरू कर दिया।

मांग रखी कि एनकाउंटर हो। पुलिस ने भी तेजी से एक्शन दिखाया। हमलावरों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। दो हमलावरों के पैर में गोली लगी।

# मोबाइल की किस्त न चुकाना पड़ा भारी

**युवक को चार दिन बंधक बनाकर कराया मजदूरी और जबरन निकलवाया खून**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। निगोहां पुलिस ने मोबाइल की किस्त न जमा कर पाने पर एक युवक को कथित तौर पर बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट करने, जबरन मजदूरी कराने और उसकी इच्छा के विरुद्ध रक्त निकलवाकर बेचने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने युवक से किस्त की रकम भी वसूल की थी।

मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम राजारामखेड़ा मजरा पुरहिया निवासी जदुराई ने 14 सितंबर को निगोहां थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनके बेटे नेवल कुमार ने किस्त पर मोबाइल फोन खरीदा था। मोबाइल की किस्त जमा न होने पर आठ



सितंबर को शुभम सिंह और उसका एक साथी नेवल को मोबाइल की दुकान पर ले जाने की बात कहकर घर से अपने साथ ले गए। इसके बाद करीब चार दिन तक उसे बंधक बनाकर रखा गया और उसके साथ मारपीट करते हुए मजदूरी कराई गई। आरोप है कि इस दौरान उसके शरीर से रक्त भी निकलवाकर बेच दिया गया। आरोपियों ने किस्त के नाम पर 2,799 रुपये ऑनलाइन भी लिए। तहरीर के आधार पर निगोहां थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित कीं।

## सरोजनीनगर में बाइक चोरी का खुलासा, 7 लाख की आठ मोटरसाइकिलें बरामद

# अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का सरगना समेत तीन गिरफ्तार

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। सरोजनीनगर पुलिस ने अंतरजनपदीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के सरगना समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की आठ मोटरसाइकिलें और कूटरचित नंबर प्लेट बरामद करने का दावा किया है। बरामद मोटरसाइकिलों की अनुमानित कीमत करीब सात लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी लखनऊ समेत आसपास के जिलों में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे और चोरी के बाद नंबर प्लेट बदलकर या हटाकर वाहनों को छिपा देते थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों को 17 सितंबर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने मोटरसाइकिल चोरी की कई घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के अनुसार, बिजनौर मोहल्ला निवासी अनिल कुमार की मोटरसाइकिल चोरी होने के मामले में सरोजनीनगर थाने में मुकदमा संख्या 347/2026 दर्ज किया गया था। इसी तरह बिजनौर रोड स्कूटर इंडिया निवासी श्याम नारायण सिंह की मोटरसाइकिल चोरी होने पर मुकदमा संख्या 349/2026 दर्ज किया गया।



पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में तीनों आरोपियों ने बताया कि वे उन्नाव जिले के रहने वाले हैं और आपस में दोस्त हैं। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि रुपये कमाने और अपने शौक पूरे करने के लिए वे अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी करते थे।

### चोरी की बाइक से दूसरी वारदातों को देते थे अंजाम

पुलिस के मुताबिक, गिरोह चोरी की मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल अन्य स्थानों पर वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए भी करता था। इससे आरोपियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने में आसानी होती थी और चोरी के दौरान इस्तेमाल किए गए वाहनों की पहचान छिपाने में भी मदद मिलती थी। बाद में चोरी की मोटरसाइकिलों पर कूटरचित नंबर प्लेट लगाकर उन्हें बेचने की तैयारी की जाती थी। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और चोरी के वाहनों को खरीदने या बेचने वाले संभावित लोगों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

### 120 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली

मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का सुराग तलाशने के लिए पुलिस टीमों ने 120 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज के जरिए संदिग्धों की गतिविधियों और आने-जाने के रास्तों की जानकारी जुटाई गई।

पुलिस ने तकनीकी और मैनुअल साक्ष्यों के साथ स्थानीय सूचना तंत्र की भी मदद ली। जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों की पहचान की और उनकी गतिविधियों पर नजर रखी।

इसके बाद पुलिस टीम ने 17 सितंबर को योगेन्द्र कुमार उर्फ योगेन्द्र सिंह उर्फ विक्की, शिवम कुमार और बासुदेव को गिरफ्तार कर लिया।

# वृद्धाश्रमों में 4,901 बुजुर्गों को पेंशन, 2,551 को आयुष्मान कार्ड

*** आश्रय के साथ वृद्धजनों तक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर समाज कल्याण विभाग का जोर**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। वृद्धजनों को सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। वृद्धाश्रमों में उन्हें केवल आश्रय नहीं, बल्कि आर्थिक और स्वास्थ्य सुरक्षा भी मिले, इसके लिए वृद्धावस्था पेंशन योजना सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि हर पात्र वृद्धजन तक उनका अधिकार पहुंचे और वह गरिमा और सुरक्षा के साथ जीवन व्यतीत कर सकें। वृद्धजनों को सिर्फ एक सुरक्षित छत ही नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन के लिए आर्थिक और स्वास्थ्य सुरक्षा



उपलब्ध कराने पर समाज कल्याण विभाग विशेष जोर दे रहा है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के वृद्धाश्रमों में रह रहे वृद्धजनों को उनकी पात्रता के अनुसार वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सहित विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। विभाग की यह पहल वृद्धजनों को आश्रय के साथ सामाजिक सुरक्षा का संबल देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। उपनिदेशक एवं योजनाधिकारी श्री आर पी सिंह ने बताया कि प्रदेश में समाज कल्याण विभाग द्वारा कुल 75 वृद्धाश्रम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 6,607 बुजुर्ग निवासरत हैं, जिनमें से 4,901 पात्र वृद्धजनों वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आर्थिक सुरक्षा के साथ बुजुर्गों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पात्र 2,551 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। वृद्धाश्रमों में निवासरत संवासियों को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) से जोड़ा गया है। साथ ही पात्र महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन योजना का लाभ भी दिया जा रहा है। विभाग द्वारा बुजुर्गों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और वृद्धावस्था पेंशन जैसी सुविधाओं का लाभ देने के लिए समय-समय पर जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में इन योजनाओं के अंतर्गत कुल 1,073 नए बुजुर्गों को जोड़ा गया है।

# शिल्प को आधुनिक तकनीक व नए बाजार से जोड़ा पीएम मोदी ने : योगी

**श्री विश्वकर्मा पंचायत मंदिर में सीएम योगी ने की सृष्टि के आदिशिल्पी की आराधना**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

गोरखपुर। भगवान विश्वकर्मा की पावन जयंती पर शिल्पकारों-कारीगरों सहित समस्त प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो देश शिल्पकारों व कारीगरों को सम्मान देता है, वही आगे बढ़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इसी भावना को अपनाकर पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का प्लेटफार्म दिया है। उन्होंने शिल्प व कारीगरी को आधुनिक तकनीक और नए बाजार से जोड़कर शिल्पकारों-कारीगरों को समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ाया है। सीएम योगी गुरुवार सुबह जटाशंकर स्थित श्री विश्वकर्मा पंचायत मंदिर में आयोजित श्री विश्वकर्मा पूजनोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंदिर में भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से आराधना करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि राजमिस्त्री, बढ़ई, हलवाई, सोनार का काम करने वालों सहित कारीगरी के तमाम पेशे से जुड़े लोगों के लिए उनकी शिल्प कला ही स्वावलंबन का आधार थी। पर, यह हुनर, शिल्प-कारीगरी आजादी के बाद दशकों तक उपेक्षा का शिकार रही। पीएम मोदी जी के मार्गदर्शन में पहली बार डबल इंजन सरकार ने शिल्पकारों-कारीगरों को प्रशिक्षण, टूलकिट और रोजगार के विभिन्न आयामों के साथ जोड़कर उन्हें आगे बढ़ाया है। डबल इंजन सरकार के प्रोत्साहन से यूपी में आज तीन करोड़ से अधिक लोग कारीगरी, शिल्प से जुड़कर रोजगार और स्वावलंबन की राह पर सफलतापूर्वक आगे बढ़े हैं। सीएम योगी ने कहा कि आज का दिन अत्यंत पवित्र है। आज सृष्टि के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती है तो साथ ही आज नए भारत के शिल्पी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन भी है। आज हर कारीगर, शिल्पी जिसके पास कोई विशिष्ट शिल्प है, वह पूजन के जरिये सृष्टि के शिल्पी प्रभु विश्वकर्मा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रहा है। मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी के सुदीर्घ स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा, 'गुरु गोरखनाथ की पावन धरा से भगवान विश्वकर्मा के मंदिर में सृष्टि के शिल्पी के श्रीचरणों में नमन करते हुए मैं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर प्रदेशवासियों की तरफ से हृदय से बधाई देता हूं। यह प्रार्थना है कि लंबे समय तक उनका मार्गदर्शन प्राप्त होता रहे और उनकी विकसित भारत की परिकल्पना साकार हो।' कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने श्री विश्वकर्मा पूजनोत्सव पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री का स्वागत श्री विश्वकर्मा पंचायत मंदिर समिति के अध्यक्ष दयानंद शर्मा ने किया।

- **यूपी में तीन करोड़ से अधिक लोग कारीगरी व शिल्प से जुड़कर स्वावलंबन की राह पर: सीएम योगी**
- **भगवान विश्वकर्मा सृष्टि और पीएम मोदी नए भारत के शिल्पी: सीएम योगी**

## कार्यवाई : चोरी करने घर में घुसा पड़ोसी, विरोध पर लात-घूंसों से पीटा; जेवर-नकदी लेकर भागा

# मारपीट में घायल बुजुर्ग महिला की मौत

**तमसा संकेत, एजेंसी**

> **सरला ने बताया- मोहल्ले के लोगों ने फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद मैं घर पहुंची तो मेरी मां बेहोशी की हालत में थीं। उन्हें होश में लाकर घटना की जानकारी ली और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मां को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 17 सितंबर की सुबह करीब 5 बजे उनकी मौत हो गई।**

बिल्हौर। कानपुर में मारपीट में घायल 65 साल की बुजुर्ग महिला की 2 दिन बाद मौत हो गई। आरोप है कि 15 सितंबर को पड़ोस में रहने वाला एक युवक चोरी करने के लिए घर में घुस आया। महिला ने विरोध किया तो युवक ने उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट की। इससे महिला के सिर और सीने में गंभीर चोटें आईं। वह बेहोश होकर गिर गईं। इसके बाद युवक अलमारी में रखा जेवर और नकदी से भरा बैग लेकर फरार हो गया। परिजनों ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दो दिन इलाज के बाद गुरुवार सुबह करीब 5 बजे उनकी मौत हो गई। घटना चौबेपुर थाना क्षेत्र के शांतिनगर मोहल्ले की है। महिला की पहचान कमला देवी पत्नी बाबू



कमला देवी मृतक

कठेरिया के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं। इसके बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं। इसके बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। चौबेपुर थाना क्षेत्र के शांतिनगर मोहल्ले की रहने वाली सरला ने बताया- मैं एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती हूं। 15 सितंबर को मैं स्कूल गई थी। घर पर मेरी मां कमला देवी अकेली थीं। दोपहर करीब 2 बजे हमारा पड़ोसी अमित वाल्मीकि उर्फ भद्दी घर के खुले दरवाजे से अंदर घुस आया। मां ने इसका विरोध किया तो उसने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।



मारपीट में उनके सिर और सीने में गंभीर चोटें आईं। अमित घर की अलमारी में रखा जेवर और नकदी से भरा बैग भी लेकर भाग गया।

बैग में चांदी की करधनी, सोने का पेंडल, एक जोड़ी चांदी की पायल, जेवर की रसीदें, मेरा आधार कार्ड, पैन कार्ड और 12 हजार रुपए रखे थे। बेटी बोली- आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाया जाए सरला ने पुलिस से आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उसने कहा कि आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाया जाए, ताकि भविष्य में कोई ऐसा अपराध न करे।

चौबेपुर थाना प्रभारी दुर्गेश मिश्रा ने बताया- केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# सेवा संकल्प के साथ मथुरा में जनसेवा की पहल, मंत्री संदीप सिंह ने मरीजों को बांटे फल

**जिला अस्पताल में जाना मरीजों का हाल, ब्रजवासी ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मथुरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को मथुरा में सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत जनसेवा के कार्यक्रमों के साथ हुई। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए और उनका कुशलक्षेम जाना। इसके बाद उन्होंने मसानी स्थित ब्रजवासी ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक कर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने और निर्धारित व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि अभियान



के तहत गुरुवार शाम सात बजे जिले में बड़े स्तर पर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित होगा। जिले के करीब 3.50 लाख परिवारों द्वारा अपने घरों में दीप प्रज्ज्वलित किए जाने की योजना है। इसके अलावा घाटों, मंदिरों, चौराहों, पार्कों, विद्यालयों, अस्पतालों और अन्य प्रमुख स्थानों पर भी दीप प्रज्ज्वलन होगा। मंत्री ने आयोजन स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, यातायात, सुरक्षा और बैठने सहित सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता के लिए जनभागीदारी जरूरी है, इसलिए सेवा संकल्प के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए। जिला अस्पताल में महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता, सीएमएस डॉ. नीरज अग्रवाल सहित अधिकारी मौजूद रहे। वहीं ब्रजवासी ब्लड बैंक में सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. भूदेव सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ई-कॉमर्स कंपनी का कर्मचारी बताकर डॉक्टर को ग्रुप में जोड़ा, प्रोडक्ट लाइक करने का दिया टास्क

# ऑनलाइन कमाई का झांसा देकर 11.98 लाख की ठगी

तमसा संकेत, एजेंसी

अलीगढ़। अलीगढ़ में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने ऑनलाइन कमाई का लालच देकर एक डॉक्टर को अपने जाल में फंसा लिया और पांच दिन के भीतर उनसे करीब 11.98 लाख रुपये अलग-अलग बैंक खातों और यूपीआई आईडी में ट्रांसफर करा लिए। ठगों ने खुद को एक नामी ई-कॉमर्स कंपनी का कर्मचारी बताया था। शुरुआत में सोशल मीडिया के जरिए डॉक्टर को प्रोडक्ट लाइक करने जैसे छोटे-छोटे टास्क दिए गए। इन टास्क को पूरा करने के बाद ठगों ने डॉक्टर के खाते में रकम वापस भेजी, जिससे उनका भरोसा बढ़ गया। इसके बाद उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर बड़े टास्क और ज्यादा मुनाफे का लालच दिया गया। मामले में डॉक्टर सय्यैद बिलाल हुसैन की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए ठगी में इस्तेमाल किए गए बैंक खातों, यूपीआई आईडी और टेलीग्राम ग्रुप की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। एफआ-ईआर के मुताबिक, साइबर ठगों ने डॉक्टर से संपर्क कर उन्हें ऑनलाइन प्रोडक्ट लाइक करने का काम दिया। उन्हें बताया गया कि सोशल मीडिया पर अलग-अलग प्रोडक्ट को लाइक करने और टास्क पूरा करने के बदले उन्हें कमाई होगी।

**पुलिस अब उन बैंक खातों और यूपीआई आईडी की जानकारी जुटा रही है, जिनमें डॉक्टर से रकम ट्रांसफर कराई गई। इसके साथ ही टेलीग्राम ग्रुप और उससे जुड़े मोबाइल नंबरों की भी जांच की जा रही है। पुलिस का प्रयास है कि लेनदेन और डिजिटल रिकॉर्ड के आधार पर ठगी में शामिल आरोपियों तक पहुंचा जा सके।**



### टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर दिया ज्यादा कमाई का झांसा

शुरुआती टास्क के बाद डॉक्टर को एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया गया। यहां उन्हें ऑनलाइन टास्क पूरा करने और अधिक रकम लगाने पर ज्यादा रिटर्न मिलने का लालच दिया गया। इसके बाद आरोपियों ने अलग-अलग टास्क के नाम पर डॉक्टर से विभिन्न यूपीआई आईडी और बैंक खातों में रकम जमा करानी शुरू कर दी। एफआईआर के अनुसार, 18 से 23 जुलाई 2026 के बीच डॉक्टर ने अलग-अलग बैंक खातों में कुल 11,98,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। रकम जमा करने के बाद भी आरोपियों ने और पैसे लगाने के लिए कहा। लगातार भुगतान की मांग होने पर डॉक्टर को संदेह हुआ। उन्होंने अपने स्तर से मामले की जानकारी जुटाई तो उन्हें पता चला कि वह साइबर ठगी के जाल में फंस चुके हैं।

### टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर बढ़ाया कमाई का लालच

शुरुआती टास्क के बाद साइबर ठगों ने डॉक्टर को एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ लिया। यहां उन्हें बड़े ऑनलाइन टास्क के बारे में बताया गया। ठगों ने दावा किया कि अगर डॉक्टर ज्यादा रकम निवेश करेंगे तो उन्हें उसी अनुपात में अधिक रिटर्न मिलेगा। धीरे-धीरे डॉक्टर से अलग-अलग टास्क पूरे करने के नाम पर रकम जमा कराई जाने लगी। इसके लिए उन्हें अलग-अलग यूपीआई आईडी और बैंक खातों की जानकारी भेजी गई। ठगों के बताए अनुसार डॉक्टर उन खातों में पैसे ट्रांसफर करते रहे। जांच-पड़ताल के दौरान डॉक्टर को पता चला कि जिस ऑनलाइन कमाई के काम को वह वास्तविक समझ रहे थे, वह साइबर ठगी का हिस्सा था। शुरुआती चरण में खाते में छोटी रकम वापस भेजकर ठगों ने उनका भरोसा हासिल किया था। इसके बाद बड़ी रकम निवेश कराने के बाद उनसे लगातार और पैसे मांगे गए।

## मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती



तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में विभागीय वर्कशॉप में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान विश्वकर्मा को दिव्य अभियंता एवं शिल्पकार के रूप में नमन करते हुए रचनात्मकता, कौशल और तकनीकी उत्कृष्टता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वर्कशॉप को फूलों से सजाया गया तथा इंजीनियरिंग कार्य में उपयोग होने वाली मशीनों और उपकरणों का पूजन किया गया। विभिन्न वर्षों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उपकरणों के प्रति सम्मान, कार्यस्थल की स्वच्छता, मशीनों के रखरखाव, अनुशासन और टीमवर्क के महत्व से परिचित कराया गया

इस दौरान निदेशक डॉ केएलए खान, प्रिंसिपल डॉ हिमाँशु शर्मा, डीन एकेडमिक्स डॉ गौरव शर्मा विजय कुमार सहित शिक्षक एवं स्टाफ मौजूद रहा।

**फास्ट न्यूज**

### कंबल में छिपे सांप ने भाई-बहन को डंसा

आगरा। आगरा के थाना कागारौल क्षेत्र के गांव मुरकिया में 16 सितंबर की तड़के करीब तीन बजे एक दर्दनाक हादसे ने परिवार को झकझोर दिया। ठंड से बचने के लिए एक ही चारपाई पर सो रहे 10 वर्षीय कामिनी और 18 वर्षीय पंकज को कंबल में छिपे सांप ने डस लिया। हादसे में कामिनी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि पंकज की हालत गंभीर बनी हुई है।

### एसीपी ऑफिस के पास बीच-बाजार मारपीट

आगरा। आगरा के थाना छत्ता क्षेत्र के बेलनगंज में रामबाबू पराठा वाले के पास बीच सड़क पर मारपीट का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। एसीपी छत्ता ऑफिस से चंद कदम की दूरी पर हुई इस घटना में एक ठेकेदार और उसके मजदूरों द्वारा दो राहगीरों को पीटते हुए देखा जा रहा है। वायरल वीडियो पुराना बताया जा रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि बेलनगंज बाजार में ठेकेदार और कुछ राहगीरों के बीच पहले कहासुनी हुई थी। मामूली बातचीत से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हाथापाई में बदल गया। वायरल वीडियो में साफ नजर आ रहा है।

### चोरी की एफआईआर न लिखने पर एसओ लाइनहाजिर

अलीगढ़। अलीगढ़ में नलकूप की केबल चोरी की FIR दर्ज नहीं करने पर विजयगढ़ थाना प्रभारी सतोष चंद्र को लाइन हाजिर कर दिया गया। किसान विजय रावत ने SSP नीरज जादौन से शिकायत की थी। इसके बाद SSP ने FIR दर्ज करने के निर्देश दिए और मामले की जांच शुरू कराई। बारौठ गांव के किसान विजय रावत के मुताबिक, 10 सितंबर की रात करीब 2 बजे चोर आरी से उनके नलकूप की केबल काटकर ले गए।

# पाकिस्तानी बल्लेबाज को केके शर्मा दे रहे ट्रेनिंग

## ऑनलाइन खेल की बारीकियां सिखा रहे, पिता ने फेसबुक से किया था संपर्क

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा के पूर्व इंडिया-ए क्रिकेटर और कोच केके शर्मा अब पाकिस्तान के 9 साल के एक नन्हे बल्लेबाज को ऑनलाइन क्रिकेट की ट्रेनिंग दे रहे हैं। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहावलनगर निवासी अरहम आजम के पिता आरिफ प्रोफेसर हैं और भारतीय क्रिकेट के बड़े प्रशंसक हैं। बेटे के बेहतर क्रिकेट भविष्य के लिए उन्होंने भारत के कोच की तलाश की और फेसबुक के जरिए केके शर्मा से संपर्क किया। आरिफ ने केके शर्मा से बेटे को ऑनलाइन कोचिंग देने का अनुरोध किया। केके शर्मा ने भी उनकी गुजारिश स्वीकार कर ली। इसके बाद अरहम उनके ऑनलाइन शिष्य बन गए। केके शर्मा के मुताबिक, अरहम लेफ्ट आर्म बल्लेबाज हैं। शुरुआत में उनकी ग्रिप और बैटिंग तकनीक में कई खामियां थीं, जिन पर उन्होंने काम किया। अब उनकी बल्लेबाजी में काफी सुधार हुआ है। केके शर्मा के मुताबिक, वे पाकिस्तान के अलावा इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, नेपाल, कनाडा और श्रीलंका के खिलाड़ियों को भी क्रिकेट की ट्रेनिंग दे चुके हैं।

**“केके शर्मा ने बताया कि करीब एक साल पहले वे एमएस धोनी की कोचिंग में बच्चों को गेंदबाजी की बारीकियां सिखा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर क्रिकेट कोचिंग के वीडियो बनाना शुरू किए। वीडियो के जरिए पाकिस्तान के आरिफ उनसे जुड़े। वे उनकी कोचिंग की तारीफ करते थे और भारतीय क्रिकेट के प्रशंसक हैं। केके के मुताबिक, जब आरिफ को पता चला कि वे धोनी की एकेडमी में भी कोचिंग देते हैं, तो उन्होंने अपने बेटे को प्रशिक्षण देने का अनुरोध किया। आरिफ अक्सर बेटे की बल्लेबाजी का जिक्र करते थे। इसके बाद केके ने अरहम के वीडियो देखे और उसकी तकनीक में सुधार पर काम शुरू किया।**





### वीडियो देखकर वॉइस रिकॉर्डिंग से बताते हैं गलतियां

केके शर्मा ने बताया कि वे अरहम से कोई फीस नहीं लेते। अरहम के पिता उसके बल्लेबाजी के वीडियो भेजते हैं। वे वीडियो देखकर गलतियां बताते हैं और सुधार के लिए वॉइस रिकॉर्डिंग भेजते हैं। कभी-कभी वीडियो कॉल के जरिए भी बात होती है। उन्होंने साफ किया कि बातचीत सिर्फ क्रिकेट और उसकी ट्रेनिंग तक ही सीमित रहती है। केके ने बताया कि अरहम की बल्लेबाजी में सुधार के बाद पाकिस्तान से करीब 10 लोगों के मैसेज आए कि वे उनके बच्चों को भी ट्रेनिंग दें। हालांकि, समय की कमी के कारण वे ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने देश और शहर के बच्चों को छोड़कर पाकिस्तान के खिलाड़ियों को ऑनलाइन कोचिंग देने का उनका कोई प्लान नहीं है। आरिफ की लगातार गुजारिश के बाद ही वे अरहम को ट्रेनिंग दे रहे हैं।

### बोले- आगरा का क्रिकेट एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी कर रहा

केके शर्मा ने कहा कि आगरा का क्रिकेट लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। शहर के युवा राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसी वजह से दूसरे देशों के बच्चे भी यहां के कोच और क्रिकेट सिस्टम से सीखना चाहते हैं। उन्होंने पाकिस्तान के क्रिकेट ढांचे पर भी टिप्पणी की। केके के मुताबिक, पाकिस्तान में क्रिकेट के लिए पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर और अच्छे कोच की कमी है। उनका कहना है कि वहां के कई पूर्व अच्छे खिलाड़ी बच्चों को प्रशिक्षित करने के बजाय राजनीति में चले गए हैं। इसी वजह से पाकिस्तान क्रिकेट को नुकसान हो रहा है।

## एमआईईटी में श्रद्धापूर्वक मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती



तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। एमआईईटी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह, डीन एकेडमिक डॉ. संजीव सिंह और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ विपिन कुमार शर्मा ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को प्रथम इंजीनियर के रूप में स्मरण किया जाता है। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनकी रचनात्मकता, तकनीकी दक्षता और निर्माण की परंपरा आज भी प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को विश्वकर्मा जी के जीवन और उनके कार्यों से नवाचार, कौशल और तकनीकी सोच की प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विश्वकर्मा जयंती मनाई। पूजा-अर्चना के दौरान संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### बीट पुलिसिंग मजबूत करें, छह माह से लंबित विवेचनाओं का करें प्राथमिकता से निस्तारण : परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी

**मिशन शक्ति केंद्र की नियमित समीक्षा, माल निस्तारण और शस्त्र रखरखाव पर जोर**

तमसा संकेत, संवाददाता



मेरठ। डीआईजी मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी ने गुरुवार को थाना परतापुर का वार्षिक निरीक्षण कर परिसर, कार्यालय, बैरक, मैस, मालखाना, शस्त्रागार, मिशन शक्ति केंद्र और साइबर हेल्प डेस्क का जायजा लिया। उन्होंने विवेचकवार लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए छह माह से अधिक लंबित मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। डीआईजी ने ग्राम प्रहरियों से संवाद कर छोटी से छोटी घटना की सूचना पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। बीट कर्मियों को अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने और ग्राम चौकीदारों से नियमित संपर्क व सूचनाओं का आदान-प्रदान करने को कहा। पासपोर्ट और चरित्र सत्यापन के लिए लोगों को थाने न बुलाने तथा संबंधित पुलिसकर्मियों को मौके पर जाकर 15 दिन के भीतर सत्यापन पूरा करने के निर्देश दिए। एनबीडब्ल्यू की प्रतिदिन मॉनिटरिंग, हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी और हवालात-रिमांड रजिस्टर को अपडेट रखने पर भी जोर दिया गया।

डीआईजी ने मिशन शक्ति केंद्र में महिला संबंधी शिकायतों और यूपी-112 से प्राप्त इवेंट को रजिस्टर में दर्ज कर कार्रवाई के बाद पीड़िताओं से फीडबैक लेने के निर्देश दिए। महिला शिकायतों को प्राथमिकता से मिशन शक्ति केंद्र पर अटेंड कराने और संबंधित बीट महिला कर्मी को मौके पर भेजने को कहा। सीओ और थाना प्रभारी को मिशन शक्ति केंद्र व एंटी रोमियो अभियान की नियमित समीक्षा करने तथा स्कूल समय और शाम को एंटी रोमियो चेकिंग के निर्देश दिए। वहीं, मालखाने में रखे सामान के रिकॉर्ड का डिजिटलाइजे-शन, क्यूआर कोड व्यवस्था और लंबित माल के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया गया।

# पीएम के जन्मदिन पर आगरा में स्वच्छता अभियान

## शाम को रोशन होंगे यमुना के घाट, हाथीघाट पर जलाए जाएंगे 30 हजार दीये

- **आवास विकास क्षेत्र में कूड़ा उठातीं मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाहा।**
- **लोगों को स्वच्छता का संदेश देतीं मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाहा और मेयर संतोष कुमार वैश्य।**

तमसा संकेत, एजेंसी



आगरा। आगरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर गुरुवार सुबह से कार्यक्रम शुरू हो गए। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग इलाकों में स्वच्छता अभियान चलाकर जन्मदिन के कार्यक्रमों की शुरुआत की। आवास विकास, कमला नगर, दिल्ली गेट और दयालबाग समेत कई क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सड़क किनारे से कूड़ा उठाया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। शाम को यमुना के घाटों पर दीप प्रज्वलन किया जाएगा। हाथीघाट पर 30 हजार दीये जलाने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा का सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा। आवास विकास क्षेत्र में मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाहा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के साथ सड़क किनारे झाड़ू लगाई और कूड़ा उठाया। इसके बाद नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य की मौजूदगी में रैली निकाली गई। लोगों को आसपास सफाई रखने और गंदगी न करने का संदेश दिया गया।

### कमला नगर और दिल्ली गेट में भी सफाइ

पार्षद प्रदीप अग्रवाल के नेतृत्व में कमला नगर क्षेत्र में अभियान चलाया गया। सड़क किनारे से गंदगी हटाने के साथ सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

पार्षद शरद चौहान के नेतृत्व में दिल्ली गेट क्षेत्र में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसमें हिस्सा लिया।





### दयालबाग में ओबीसी मोर्चा ने चलाया अभियान

भाजपा ओबीसी मोर्चा के दयालबाग मंडल की ओर से मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में क्षेत्रीय संयोजक शैलेंद्र गुप्ता और वार्ड अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सविता समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। पीएम मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शाम को यमुना के घाटों पर दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम होगा। हाथीघाट पर 30 हजार दीये जलाने का लक्ष्य रखा गया है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### मोदी का बर्थडे...

नमामि गंगे' की टीम ने गंगा को 76 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की। नागा साधुओं ने डमरू बजाकर प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं दीं। अयोध्या में मेयर महंत गिरीश पति त्रिपाठी और जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने लता मंगेशकर चौक पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। प्रयागराज में संगम तट पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने सोहर गाकर पीएम को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। लखनऊ में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सिविल अस्पताल में मरीजों को फल बांटे और रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। कानपुर के सीएसजेएमयू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर हेलीपैड पर दीपोत्सव का आयोजन किया गया। यहां 11 हजार दीपों से पीएम मोदी का पोर्ट्रेट और रंगोली तैयार की गई। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक और कुलसचिव राकेश मिश्रा ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर बरेली कलेक्ट्रेट को रंग-बिरंगी झालरों और दीपों से सजाया गया। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर दीप जलाए। डीएम अविनाश सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने भी दीप प्रज्वलित किए। इस दौरान लेजर शो का आयोजन भी किया गया। लखनऊ के राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर पीएम मोदी के जन्मदिन के मौके पर उत्सव शुरू हो गया है। यहां 1,000 से ज्यादा वॉलिंटियर दीप जला रहे हैं। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर 3 लाख से ज्यादा दीप जलाए जाएंगे। इसके अलावा लखनऊ के अलग-अलग हिस्सों में भी भाजपा की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जहां पार्टी पदाधिकारी दीप जलाएंगे। पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बरेली जिले से एक बेहद खास वीडियो सामने आया है। बरेली की रहने वाली 4 साल की बच्ची आर्विका सिंह ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। इसमें नीले रंग की खूबसूरत फ्रॉक पहने आर्विका ने न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं, बल्कि सनातन धर्म की परंपराओं और जीवन मूल्यों को रेखांकित करते हुए धाराप्रवाह संस्कृत श्लोकों का पाठ भी किया। प्रयागराज के प्रभारी मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने सिविल लाइंस स्थित मॉल में 70 किलो का केक काटा। लोगों को यह केक खिलाया गया। इस दौराम मंत्री नंदी भी मौजूद रहे। राजनाथ सिंह ने कहा कि आप सभी लोग अपने मोबाइल का फ्लैश जलाकर पीएम को बधाई दीजिए। इसके बाद लोगों ने फ्लैश जलाकर पीएम मोदी को बधाई दी। राजनाथ ने कहा कि 25 वर्षों में मोदी जी की हाफ इनिंग हुई है, उन्हें अभी दशकों तक देश की सेवा करनी है। राजनाथ सिंह ने कहा- काशी की दिव्यता गुजरात जा रही है। गुजरात की आस्था काशी आ रही है। जन्मभूमि और कर्मभूमि के बीच शुरू हो रही यह यात्रा अद्भुत है। इस यात्रा से जल का आदान प्रदान नहीं है, बल्कि भावनाओं का भी आदान-प्रदान है। इस यात्रा में जितना महत्वपूर्ण गंत्वय है, उससे भी ज्यादा महत्वपूण इसके पड़ाव हैं। उन्होंने कहा- भारत को पहले गंभीरता से नहीं लिया जाता था, आज भारत जो बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है कि भारत बोल क्या रहा है। पीएम मोदी ने भारत के लोगों को अपनी सभ्यता पर गर्व करना सिखाया, क्षमताओं पर विश्वास करना सिखाया। जहां लोगों की सोच समाप्त होती है, वहीं मोदी जी का विजन शुरू होता है। राजनाथ ने कहा- 2001 में जब गुजरात में भूकंप आया था तो वहां को लेकर कई तरह की आशंकाएं थीं, गुजरात कैसे अपने पैरों पर खड़ा होगा, इसे लेकर सवाल थे, लेकिन मोदी जी ने न सिर्फ वहां की काया पलट की, बल्कि टेस्ट मैच से वनडे मैच की तरह सूरत बदल दी। जहां दूसरे लोग समस्या देखते हैं, वहीं हमारे प्रधानमंत्री समाधान देखते हैं, उनकी यही खूबी देश को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा- 12 साल पहले जब मोदी ने पहली बार शपथ ली थी तो किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि आने वाला दशक ऐसा होगा। 2014 के पहले का भारत अवसर को हाथ से गंवा देता था। मोबाइल से लेकर ब्रह्मोस मिसाइल तक चिप से चलती हैं, लेकिन उस समय कांग्रेस की सरकार थी, उसे परमिशन नहीं दी, वह कंपनी चली गई, वह फैक्ट्री नहीं लग पाई। करोड़ों का बिजनेस देश के बाहर चला गया। रोजगार का बड़ा अवसर हमने खो दिया। प्रधानमंत्री ने सेमीकंडक्टर पर बात शुरू की तो कई तरह के सवाल किए गए। लेकिन, मोदी जी के नेतृत्व में पिछले वर्ष हमने पहली बार मेड इन इंडिया यानी देश की पहली सेमीकंडक्टर चिप बना ली है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने मंच से सीएम योगी से एक लैंड की मांग की। उन्होंने कहा कि वाराणसी में बालाजी का एक मंदिर बनवाना चाहता हूं।

### दिल्ली पीजी हादसा ...

मामले की अगली सुनवाई 25 सितंबर को होगी। सत्य निकेतन में दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैंपस के पास लड़कों के लिए 5 मंजिला पेइंग-गेस्ट हॉस्टल था। 6 सितंबर को मरम्मत के दौरान यह इमारत गिर गई थी। मलबे में दबने से 7 लोगों की मौत हुई थी। कई घायल भी हुए थे। हाईकोर्ट ने 7 सितंबर को घटना की उच्चस्तरीय MCD जांच का आदेश दिया था। कोर्ट ने साफ कहा था कि सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। कोर्ट ने कहा था कि यह घटना सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण नहीं है। इससे हॉस्टल समेत छात्रों के लिए पर्याप्त आवास सुविधाओं पर गंभीर चिंता पैदा हुई है। अदालत ने दिल्ली यूनिवर्सिटी और सरकार की ओर से चलाए जा रहे हॉस्टलों की स्थिति पर भी चिंता जताई थी। इसके अलावा, छात्रों की सुरक्षा और पेइंग-गेस्ट सुविधाओं को नियंत्रित करने के लिए MCD और अन्य अधिकारियों के अपर्याप्त कदमों पर सवाल उठाए थे। दिल्ली पुलिस ने PG हादसे में बिल्डिंग मालिक हरिराम बंसल, उनकी पत्नी उर्मिला, बेटे महेश, लेबर कॉन्ट्रैक्टर सनोज और सुधांशु नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में ठेकेदार सनोज ने बताया कि महेश गुप्ता ने उसे 10 दिन पहले रेनोवेशन के लिए लगाया था। उसे 2800 रुपये रोज मिलते थे। काम बेसमेंट को ग्राउंड फ्लोर के बराबर लेवल करने का था, जिसके लिए बेसमेंट में करीब 3 ट्रक मलबा भरा गया था। ग्राउंड फ्लोर पर दुकान की जगह में एक दीवार रुकावट बन रही थी। हादसे वाले दिन जगह बनाने के लिए उस दीवार को हटा दिया गया। दीवार हटते ही कमजोर इमारत लोड नहीं झेल पाई और ढह गई।

### भारत को सेमीकंडक्टर ...

भारत के प्लांट्स से निकलने वाली सेमीकंडक्टर चिप्स अब देश और दुनिया के बाजारों तक पहुंचने लगी हैं। उन्होंने कहा, सेमीकंडक्टर सेक्टर ऐसा नहीं है कि फैक्ट्री लगाई और काम पूरा हो गया। इसमें टेक्नोलॉजिकल कैपेबिलिटी बनाने में दशकों लगते हैं। लेकिन भारत ने चिप डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग, इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग, टेस्टिंग कैपेबिलिटी पर एकसाथ काम किया और सफलता हासिल की है। दरअसल, इस साल सेमीकंडक्टर चिप्स की कमी और बढ़ती कीमतों का सीधा असर इलेक्ट्रॉनिक्स की कीमतों पर दिखा है। एपल ने सितंबर 2026 में भारत में कुछ आईफोन मॉडल की कीमतें 41% तक बढ़ाईं।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने ...

कोर्ट ने ये टिप्पणी DUSU चुनाव प्रचार के दौरान हुई हिंसा और गुंडागर्दी से जुड़ी जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान की। दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ (DUSU) चुनाव से पहले बुधवार रात नॉर्थ कैंपस में छात्रों के दो गुटों के बीच झड़प हुई थी। ABVP और NSUI ने एक-दूसरे से जुड़े लोगों पर अलग-अलग जगहों पर हमला करने के आरोप लगाए। DUSU चुनाव के लिए 16 सितंबर को प्रचार खत्म हो चुका है। मतदान 18 सितंबर और मतगणना 19 सितंबर को होगी। मोतीलाल नेहरू कॉलेज (ईवनिंग) में DUSU के एक प्रचारक पर शिक्षक से मारपीट का एक शिक्षक के मुताबिक, फैकल्टी के एक सदस्य को गंभीर चोट आई और उन्हें इलाज के लिए ले जाया गया।

## अफगानिस्तान से तीसरा टी-20 आज, राशिद 200 इंटरनेशनल विकेट लेने वाले पहले क्रिकेटर बनने के करीब

# भारत में पहला इंटरनेशनल मैच खेल सकते हैं वैभव सूर्यवंशी



**मुकाबला**

दिल्ली, एजेंसी



15 साल के वैभव सूर्यवंशी आज भारत में अपना पहला इंटरनेशनल मुकाबला खेल सकते हैं। भारत और अफगानिस्तान के बीच सीरीज का तीसरा और आखिरी टी-20 दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से होगा।

भारत शुरुआती दोनों मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर चुका है। ऐसे में कप्तान श्रेयस अय्यर के संकेत के मुताबिक टीम में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

दोनों टीमों के बीच अब तक 11 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं। भारत ने इनमें 10 मुकाबले जीते हैं। अफगानिस्तान को एक भी जीत नहीं मिली है। एक मैच नो रिजल्ट रहा है।

अरुण जेटली स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार रहने की उम्मीद है। मैदान की छोटी बाउंड्री के कारण बड़े शॉट देखने को मिल सकते हैं। गुरुवार को बारिश होने की उम्मीद नहीं है।

**दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11**

भारतः श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा/वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, नितिश कुमार रेड्डी, रवि बिश्नोई, यश ठाकुर, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह।

अफगानिस्तानः इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सेदीकुल्लाह अटल, गुलबदीन नायब, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, मुजीब उर रहमान/नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, अब्दुल्लाह अहमदजई।

### उमरजई इस सीरीज में अफगानिस्तान के टॉप बैटर


अजमतुल्लाह उमरजई ने 2 मैचों में 75 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 138.88 है और बेस्ट स्कोर नाबाद 64 रन है। गेंदबाजी में फिर राशिद खान से उम्मीदें होंगी। उन्होंने 2 मैचों में 3 विकेट लिए हैं। हालांकि उन्होंने 9.33 की इकोनॉमी से रन खर्चे हैं।

### अफगानिस्तान की नजर नवीन की फिटनेस पर

अफगानिस्तान की टीम के लिए तीसरे टी-20 में नवीन-उल-हक की फिटनेस अहम रहेगी। दूसरे मैच में फजलहक फारूकी ने नई गेंद से गेंदबाजी नहीं की थी। ऐसे में नवीन की वापसी हो सकती है। अफगानिस्तान के पास राशिद खान, मुजीब उर रहमान और मोहम्मद नबी के रुप में तीन स्पिन गेंदबाजी विकल्प हैं। टीम एक स्पिनर कम करके अतिरिक्त तेज गेंदबाज को खिलाने पर भी विचार कर सकती है।

### अभिषेक इस सीरीज में भारत के टॉप स्कोरर

अभिषेक शर्मा इस सीरीज के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 2 मैचों में 121 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 237.25 रहा। उन्होंने पहले मैच में 82 और दूसरे में 39 रन बनाए थे। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने 2 मैचों में 5 विकेट लिए हैं। उनकी इकोनॉमी 6.75 रही है। उनके अलावा जसप्रीत बुमराह से भी टीम को विकेट की उम्मीद होगी।



अफगान स्पिनर राशिद खान 200 टी-20 इंटरनेशनल विकेट हासिल करने से 4 विकेट दूर हैं। अगर वे ऐसा करते हैं तो यह उपलब्धि हासिल करने वाले मेंस या विमेंस में दुनिया के पहले क्रिकेटर बनेंगे। उन्होंने 117 मैचों में 196 विकेट लिए हैं।

## हॉकी इंडिया बोला- एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खेलनी है तो भारत आना होगा

# पाकिस्तान की न्यूट्रल वेन्यू की मांग खारिज



नई दिल्ली। पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन की एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर कराने की मांग को हॉकी इंडिया ने खारिज कर दिया है। फेडरेशन ने भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव और सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए यह मांग की थी।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान को टूर्नामेंट खेलना है तो उसे भारत आना होगा। अगर पाकिस्तान नहीं आता है, तो उसकी जगह बांग्लादेश या ओमान में से किसी एक टीम को शामिल किया जा सकता है।

पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन के अंतरिम अध्यक्ष मोहिउद्दीन अहमद वानी ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए खिलाड़ियों और अधिकारियों की सुरक्षा जरूरी है। उन्होंने AHF से टूर्नामेंट को दूसरे देश में कराने या पाकिस्तान के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर शिफ्ट करने का अनुरोध किया। वानी ने कहा कि पाकिस्तान एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेगा और भारत समेत सभी FIH सदस्य देशों के खिलाफ खेलने को तैयार है।

> “ पाकिस्तान ने इससे पहले 2025 में चेन्नई और मदुरै में हुए एफआईएच मेंस जूनियर वर्ल्ड कप से नाम वापस ले लिया था। उस समय भी सुरक्षा चिंताओं का हवाला दिया गया था। उसकी जगह ओमान को टूर्नामेंट में शामिल किया गया था।

### मोहाली और जालंधर में होना है टूर्नामेंट

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक पंजाब में होगी। टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान, मलेशिया, चीन, जापान और साउथ कोरिया की टीमें हिस्सा लेंगी। जालंधर में लीग स्टेज के मुकाबले होंगे। सेमीफाइनल और फाइनल मोहाली में खेले जाएंगे।

## बारिश के कारण चीन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल रद्द, पाकिस्तान भी अंतिम चार में पहुंचा

# बांग्लादेश बिना खेले एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में



नई दिल्ली। एशियन गेम्स 2026 में बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम बिना एक भी गेंद खेले सेमीफाइनल में पहुंच गई। चीन के खिलाफ उसका क्वार्टर फाइनल बारिश के कारण रद्द हो गया। यह मुकाबला गुरुवार को निशिन के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेला जाना था।

इसी मैदान पर खेले गए दूसरे क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान ने थाईलैंड को 3 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। यह मैच 11-11 ओवर के खेले गए।

एशियन गेम्स का आधिकारिक उद्घाटन 19 सितंबर को होगा, लेकिन क्रिकेट के मुकाबले 17 सितंबर से शुरू हो चुके हैं। महिला क्रिकेट के मैच 17 से 22 सितंबर तक खेले जाएंगे। एशियन गेम्स के नियमों के मुताबिक, मैच रद्द होने पर बेहतर रैंकिंग वाली टीम अगले राउंड में पहुंचती है। इसी नियम के तहत निगार सुल्ताना की कप्तानी वाली बांग्लादेश टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई, जबकि चीन टूर्नामेंट से बाहर हो गया। थाईलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 11 ओवर में 4 विकेट पर 91 रन बनाए। पाकिस्तान की गेंदबाजों ने रन बनाने के मौके कम दिए, लेकिन थाईलैंड की टीम ने सीमित ओवरों में उपयोगी स्कोर खड़ा किया। एशियन गेम्स में विमेंस क्रिकेट सभी 8 मुकाबले जापान के निस्शिन स्थित कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले जाएंगे। भारतीय विमेंस टीम 18 सितंबर को यहीं जापान के खिलाफ खेलेगी। भारतीय टीम आसानी से सेमीफाइनल में पहुंच सकती है। सेमीफाइनल में हरमनप्रीत कौर की टीम का सामना बांग्लादेश से होने की संभावना है। विमेंस क्रिकेट एशियन गेम्स में पहली बार 2010 में शामिल हुआ था। 2010 और 2014 दोनों एडिशन में पाकिस्तान ने गोल्ड मेडल जीता था।



पाकिस्तान विमेंस टीम।

### पाकिस्तान ने आखिरी ओवर में हासिल किया लक्ष्य

एशियन गेम्स 2026 में बारिश के कारण पाकिस्तान और थाईलैंड का क्वार्टर फाइनल मुकाबला 11-11 ओवर का कर दिया गया। थाईलैंड ने 11 ओवर में 4 विकेट पर 91 रन बनाए। पाकिस्तान ने 10.4 ओवर में 7 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। आखिरी ओवर में जीत के लिए 4 रन चाहिए थे, जिसे इमान नसीर और उम्म-ए-हानी ने चार गेंदों पर एक-एक रन लेकर पूरा किया। पाकिस्तान ने 3 विकेट से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

**मनोरंजन**

# ‘छठ पूजा के बारे में ज्यादा नहीं जानती थी’

## तमन्ना बोलीं- 'छठी मैया' गाने की शूटिंग में भावुक हुईं बिहार कल्चर में ढलते सूरज का सम्मान

नई दिल्ली। एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने छठ पूजा के बारे में कहा है की वे इस पर्व के बारे में ज्यादा नहीं जानती थीं। लेकिन जब उन्होने अपने नए गाने 'छठी मैया' की शूटिंग की तो वे भावुक हो गईं थीं।

फिल्म 'वन' (Vvan) के ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर तमन्ना ने कहा की वे मुंबई में पली-बढ़ी हैं। जब वे जुहू बीच पर छठ पूजा की भीड़ देखती थीं, लेकिन इस त्योहार की परंपराओं के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। शूटिंग के दौरान उन्हें पता चला कि इसमें 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत रखा जाता है।

मीडिया से बात करते हुए तमन्ना भाटिया ने कहा कि आजकल लोग ग्रैटिट्यूड (आभार) और मैनिफेस्टेशन की बहुत बातें करते हैं। यह बिहारी संस्कृति का एक बहुत सुंदर हिस्सा है। आमतौर पर हर कोई उगते हुए सूरज को प्रणाम करता है, लेकिन छठ पूजा में डूबते हुए सूरज को भी उतना ही सम्मान और महत्व दिया जाता है।







### 25 सितंबर को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

'पंचायत' सीरीज से पहचान बनाने वाले निर्देशक दीपक कुमार मिश्रा ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। फिल्म को शोभा कपूर और एकता कपूर ने बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। फिल्म की स्टारकास्ट में सिद्धार्थ और तमन्ना के अलावा मनीष पॉल, श्वेता तिवारी, सुनील ग्रोवर और अनूप सोनी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फैंटेसी और लोककथाओं पर आधारित फिल्म 25 सितंबर को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी।

### 36 घंटे के निर्जला व्रत के बारे में जाना

तमन्ना ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे बचपन से मुंबई में रही हैं। जुहू बीच पर छठ के मौके पर बड़ी संख्या में लोगों को जुटते हुए देखती थीं, लेकिन इसके पीछे के नियमों की जानकारी नहीं थी। इस गाने की शूटिंग के दौरान उन्हें पता चला कि लोग देवी की उपासना के लिए 36 घंटे तक बिना पानी पिए कठिन उपवास रखते हैं। उन्होंने कहा कि एक कलाकार के तौर पर वे सिर्फ एक माध्यम हैं और कुछ अहसास हमारे वश से बाहर होते हैं।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इमोशनल हुईं



नई दिल्ली। बेंगलुरु में मंगलवार को महान कर्नाटक गायिका एमएस सुब्बुलक्ष्मी की 110वीं जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भावुक हो गईं। कार्यक्रम में गीत सुनते हुए उनकी आंखों में आंसू आ गए। दरअसल, यह कार्यक्रम बेंगलुरु के चौडैया मेमोरियल हॉल में आयोजित किया गया था। सीतारमण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। सुब्बुलक्ष्मी की परपोती एस ऐश्वर्या और एस सौंदर्या ने भी समारोह में प्रस्तुति दी थी।

ऐश्वर्या और सौंदर्या ने अपनी परदादी की संगीत परंपरा को आगे बढ़ाया है। कार्यक्रम में उन्होंने सुब्बुलक्ष्मी की कुछ रचनाएं प्रस्तुत कीं। समारोह में संगीत प्रेमियों ने सुब्बुलक्ष्मी और भारतीय शास्त्रीय संगीत में उनके योगदान को याद किया। एमएस सुब्बुलक्ष्मी का जन्म 16 सितंबर 1916 को मदुरै में हुआ था। वह भारत की सबसे सम्मानित गायिकाओं में शामिल थीं। 1998 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। सुब्बुलक्ष्मी की जिंदगी पर जल्द एक बायोपिक फिल्म आएगी।

> सिंगर एमएस सुब्बुलक्ष्मी की जयंती पर गीत सुनते हुए आंखों में आए आंसू

# मंदाकिनी ने दाऊद इब्राहिम संग तस्वीर पर सफाई दी

## बोलीं- उन्होंने शारजाह में क्रिकेट मैच के लिए नहीं बुलाया था



नई दिल्ली। एक्ट्रेस मंदाकिनी ने दाऊद इब्राहिम के साथ वायरल हुई अपनी 80-90 के दशक की पुरानी तस्वीर पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि दाऊद ने उन्हें शारजाह क्रिकेट मैच के लिए नहीं बुलाया था।

मंदाकिनी के मुताबिक, वह एक शो के लिए दुबई गई थीं। इसके बाद क्रिकेट मैच देखने पहुंचीं, जहां यह तस्वीर ली गई थी। उस समय उन्हें नहीं पता था कि तस्वीर विवाद का कारण बनेगी। मंदाकिनी ने ANI को दिए इंटरव्यू में कहा कि तस्वीर को लेकर हुई अटकलों और खबरों पर उनका कोई नियंत्रण नहीं था।

एक्ट्रेस ने कहा कि एक कलाकार कई लोगों से मिलता है। कलाकार किसी के साथ भेदभाव नहीं करता।

उन्होंने कहा, “लोग जो लिखना या कहना चाहते हैं, उस पर हमारा नियंत्रण नहीं होता। एक कलाकार को हजारों लोगों से मिलना पड़ता है और सभी उसके लिए बराबर होते हैं।” मंदाकिनी ने कहा, “हमारे साथ बहुत सारे लोग थे। ऐसे में किसे चुनें और किसे न चुनें? हम वहां एक शो के लिए गए थे। मुझे दाऊद ने नहीं बुलाया था। मैं दुबई में एक शो के लिए गई थी और फिर मैच देखने पहुंची। उस समय मुझे इसका अंदाजा नहीं था।” मंदाकिनी ने बताया कि बाद में यह तस्वीर विवाद का विषय बन गई। इसे लेकर बड़े स्तर पर अटकलें लगाई गईं। उन्होंने कहा, “इस विवाद से बहुत नुकसान हुआ।

## सलमान खान, करीना कपूर समेत कई सितारे होंगे शामिल

# आईफा अवॉड्र्स 2027 अबू धाबी में



नई दिल्ली। इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (IIFA) अवॉड्र्स का 27वां संस्करण 22-23 जनवरी 2027 को अबू धाबी में होगा। सलमान खान, करीना कपूर खान और शाहिद कपूर समेत कई सितारे इसमें शामिल होंगे।

करण जौहर, वरुण धवन, जाह्नवी कपूर, पंकज त्रिपाठी और अली फजल भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। दो दिन के इस इवेंट में कलाकार, फिल्ममेकर और म्यूजिक आर्टिस्ट शामिल होंगे।

IIFA 2027 का आयोजन अबू धाबी के यास आइलैंड स्थित एतिहाद एरिना में होगा। अबू धाबी में IIFA का यह चौथा आयोजन होगा। कार्यक्रम डिपार्टमेंट ऑफ कल्चर एंड टूरिज्म अबू धाबी और मिराल के साथ साझेदारी में होगा।

दो दिन के इस कार्यक्रम में सितारों की परफॉर्मेंस और अवॉड्र्स सेरेमनी होगी। 27वां संस्करण 2027 में यास आइलैंड के एतिहाद एरिना, अबू धाबी में आयोजित किया जाएगा।

बता दें कि पहले योजना थी कि IIFA 2026 को अगस्त-सितंबर के महीने में साउथ-ईस्ट एशिया में आयोजित किया जाएगा, लेकिन बड़े स्तर पर तैयारियों और अंतरराष्ट्रीय तारीखों के तालमेल के कारण आयोजकों ने इसे आगे बढ़ाकर अब 2027 की शुरुआत में आयोजित करने का फैसला किया।

इससे पहले IIFA अवॉड्र्स का सिल्वर जुबली समारोह 8 और 9 मार्च 2025 को भारत में आयोजित हुआ। जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (JECC) में हुए इस समारोह में बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। इवेंट को अभिनेता कार्तिक आर्यन और फिल्ममेकर करण जौहर ने को-होस्ट किया। समारोह में किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म ‘लापता लेडीज’ ने कुल 10 प्रमुख अवॉड्र्स जीते थे। इनमें बेस्ट पिक्चर और बेस्ट डायरेक्टर जैसे बड़े अवॉर्ड भी शामिल रहे।



करीना ने फिल्म 'जब वी मेट' (2008) और फिल्म '3 इडियट्स' (2010) के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री' का मुख्य IIFA पुरस्कार जीता था।

# अस्पताल में टॉर्च की रोशनी में मरीजों का इलाज, भारत भी ज्यादा मदद नहीं कर पाएगा

# बांग्लादेश में 20 साल का सबसे बड़ा बिजली संकट

**कटौती**

नई दिल्ली, एजेंसी



बांग्लादेश इस समय 20 साल के सबसे गंभीर बिजली संकट से जूझ रहा है। कई इलाकों में रोजाना घंटों कटौती हो रही है।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, बारिशाल के एक अस्पताल में बैकअप जनरेटर का डीजल खत्म होने के बाद नर्सों को मोबाइल की टॉर्च की रोशनी में मरीजों की देखभाल करनी पड़ी।

संकट के बीच बांग्लादेश को भारत से भी तत्काल बड़ी राहत मिलने की संभावना कम है, क्योंकि भारत पहले ही उसे 2,656 MW से ज्यादा बिजली दे रहा है और अतिरिक्त बिजली उपलब्ध कराने के लिए भारत को अपनी उत्पादन क्षमता और ट्रांसमिशन व्यवस्था को भी देखना होगा।

बांग्लादेश विदेशों से आने वाली गैस के लिए कॉक्स बाजार के मोहेशखाली में बने LNG टर्मिनलों पर निर्भर है। 21 जुलाई को दो टर्मिनलों में से एक में आग लग गई और उसे बंद करना पड़ा।

इससे गैस की कमी और बढ़ गई।

## बिजली पैदा करने के लिए प्लांट में ईंधन की कमी

बांग्लादेश में बिजली बनाने वाले प्लांट पर्याप्त हैं, लेकिन उन्हें चलाने के लिए जरूरी ईंधन की कमी हो गई है। खासकर प्राकृतिक गैस की सप्लाई घटने से गैस आधारित प्लांट पूरी क्षमता से नहीं चल पा रहे।

2024-25 में बांग्लादेश की करीब 44% बिजली गैस से बनी थी। लेकिन देश में गैस का उत्पादन लगातार कम हुआ है। 2018-19 में घरेलू गैस उत्पादन 27.2 अरब घन मीटर था, जो 2024-25 में घटकर 19.6 अरब घन मीटर रह गया।

कमी पूरी करने के लिए बांग्लादेश ने गैस का आयात बढ़ाया। इस दौरान आयात 143% बढ़कर 3.28 अरब से 7.98 अरब घन मीटर हो गया।

> **गैस की कमी के साथ कोयले से चलने वाले बिजली प्लांटों में खराबी ने भी संकट बढ़ा दिया है। बांग्लादेश में ऐसे प्लांटों की कुल क्षमता करीब 7,000 मेगावाट है, लेकिन कई प्लांट पूरी क्षमता से नहीं चल रहे।**

अगस्त में रोज करीब 2,235 मिलियन क्यूबिक फीट गैस मिल रही थी, जबकि जरूरत 3,860 मिलियन क्यूबिक फीट की थी।



बांग्लादेश के गाजीपुर में गारमेंट फैक्ट्री के सिलाई सेक्शन में कपड़े तैयार करते कर्मचारी।

## 2022 के मुकाबले चार गुना ज्यादा बिजली की कमी

बांग्लादेश में इस समय 3,000 से 3,500 मेगावाट बिजली कम पड़ रही है। यानी जितनी बिजली चाहिए, उतनी बन ही नहीं पा रही। अगस्त में देश में रोज औसतन करीब 13 हजार मेगावाट बिजली बनी, जबकि जरूरत 16 हजार मेगावाट से ज्यादा थी। यानी हर दिन करीब 3 हजार मेगावाट बिजली की कमी रही।

2022 में भी बांग्लादेश में बिजली का संकट आया था। तब कमी करीब 750 मेगावाट थी। यानी आज की कमी उस समय के मुकाबले करीब चार गुना है।

# 'यमन में मार गिराया सऊदी अरब का एफ-15 लड़ाकू विमान'

## वीडियो जारी कर हूती विद्रोहियों ने किया दावा

सना, एजेंसी

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने बुधवार को दावा किया कि उन्होंने यमन में सऊदी अरब के एफ-15 लड़ाकू विमान को मार गिराया है। उन्होंने एक ही वीडियो में दो तरह के विजुअल शेयर किए हैं। पहले विजुअल में एक टारगेटिंग सिस्टम एयरक्राफ्ट को निशाना बनाता हुआ दिख रहा है और दूसरे विजुअल में कथित तौर पर एयरक्राफ्ट का मलबा और उसके साथ हथियारबंद लोग पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं।

हूती विद्रोहियों ने विमान के पायलटों के बारे में कुछ नहीं कहा है। सऊदी पक्ष ने भी अभी तक इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि इस फुटेज की असलियत की अभी तक स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है लेकिन द वॉर जोन की रिपोर्ट के मुताबिक, फुटेज में दिख रहा विमान सऊदी वायु सेना का सबसे एडवांस्ड



मॉडल एफ-15एसए लगता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि फुटेज में दिख रहे विमान पर टेल नंबर 5539 है, जो देश के दक्षिण-पश्चिम में स्थित किंग खालिद एयर बेस के 55वें स्क्वाड्रन को दिया गया है। अगर इसकी पुष्टि हो जाती है तो यह पहली बार होगा जब इस संघर्ष में हूतियों ने किसी फाइटर प्लेन को मार गिराया होगा। यह घटनाक्रम पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच हुआ है, क्योंकि हूतियों ने सऊदी अरब पर हमले तेज कर दिए हैं। हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब की घेराबंदी का ऐलान किया है और हाल के हफ्तों में लगातार उस देश पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए हैं।

**फास्ट न्यूज**

### अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ीं तो भड़क गए ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने फेडरल रिजर्व की कड़ी आलोचना की है। साथ ही बढ़ी हुई ब्याज दरों पर भी फटकार लगाई है। अमेरिकी सेंट्रल बैंक ने बेंचमार्क ब्याज दर को 25 बेसिस प्वाइंट से बढ़ाकर 3.75% से 4% की टारगेट रेंज में कर दिया है।

ब्याज दरों के बढ़ने पर ट्रंप ने फेड बोर्ड के अधिकारियों पर दुश्मन जैसा रवैया करने का आरोप लगाया।

### रूस पर कड़े प्रतिबंधों वाले बिल पर ट्रंप करेंगे हस्ताक्षर

वॉशिंगटन। अमेरिका की राजनीति में एक बार फिर भारत और रूस के व्यापारिक रिश्तों को लेकर बड़ी हलचल शुरू हो गई है। अमेरिकी संसद के निचले सदन यानी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने एक कड़ा बिल पारित किया है, जिसका सीधा असर भारत के तेल आयात और आर्थिक विकास पर पड़ सकता है। इस नए और कड़े बिल का नाम 'द लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026' है। बता दें कि इस बिल को पहले सीनेट से हरी झंडी मिली थी और अब हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने भी इसे 262-159 के बहुमत से पास कर दिया है।

### बलोच लड़ाकों ने ली 43 पाक सैनिकों की जान

इस्लामाबाद। बलोच लिबरेशन आर्मी ने पिछले हफ्ते बलोचिस्तान में पाकिस्तानी सेना पर 13 सुनियोजित हमले किए। संगठन का कहना है कि उसके लड़ाकों ने पाकिस्तानी सेना और सरकार से जुड़े डेथ स्क्वाड के 43 लोगों को मार गिराया। BLA के प्रवक्ता जियांद बलोच ने बताया कि बेसिमा, खारान, पंजगुर, चगाई, सुराब, किला अब्दुल्ला और अवारां में सड़क जाम करने और टारगेटेड हमले करने जैसे ऑपरेशन चलाए गए। इन जगहों पर पाकिस्तानी सेना के दो सैनिकों के मारे जाने का भी दावा किया गया।

# सिंगापुर सरकार किताब पढ़ने के बदले पैसे देगी

## रोजाना कम से कम 15 मिनट पढ़ना होगा

सिंगापुर, एजेंसी

सिंगापुर सरकार अब लोगों को किताब पढ़ने के लिए पैसे देगी। इसके लिए रोज कम से कम 15 मिनट किताब या लंबे लेख पढ़ने होंगे। पढ़ने का समय सरकारी वेबसाइट पर दर्ज करना होगा। इसके बदले रिवॉर्ड पॉइंट्स मिलेंगे, जिन्हें बाद में नकद इनाम में बदला जा सकेगा।

सरकार का यह 5 साल का नेशनल रीडिंग मिशन लोगों को स्मार्टफोन, रील्स और छोटे वीडियो से कुछ समय दूर करके दोबारा पढ़ने की आदत डालने की कोशिश है। योजना के तहत हर दिन 15 मिनट पढ़ने पर 20 वर्चुअल कॉइन्स मिलेंगे। एक दिन में सिर्फ एक बार रीडिंग टाइम दर्ज किया जा सकेगा।

50 दिन तक रोज 15 मिनट पढ़ने पर 1,000 कॉइन्स पूरे होंगे। इन्हें 1



सिंगापुरी डॉलर यानी करीब 76 रुपए के नकद इनाम में बदला जा सकेगा। सरकार ने इस साल कुल 75 लाख रीडिंग मिनट का लक्ष्य रखा है। लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए करीब 1.14 करोड़ रुपए के इनाम दिए जाएंगे।

इस योजना को सिंगापुर के नेशनल लाइब्रेरी बोर्ड (NLB) ने शुरू किया है। लोग 'क्राउडटास्क एसजी' वेबसाइट पर रोज अपनी पढ़ाई का समय दर्ज करेंगे। लक्ष्य पूरा करने पर उनके खाते में कॉइन्स जुड़ते जाएंगे।

# रिपोर्ट : ट्रम्प सरकार ने हूती विद्रोहियों से सीक्रेट डील की

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों के साथ सीक्रेट डील की है। एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक इस डील के तहत हूतियों ने अमेरिका को भरोसा दिया है कि वे लाल सागर में अमेरिकी और अंतर-राष्ट्रीय जहाजों को निशाना नहीं बनाएंगे। इसके बदले में अमेरिका यमन में हूतियों के खिलाफ सऊदी अरब की सैन्य मदद नहीं करेगा।

अमेरिकी अधिकारियों और हूती नेताओं के बीच यह बातचीत पिछले हफ्ते ओमान की राजधानी मस्कट के अमेरिकी दूतावास में हुई थी। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोमवार को पुष्टि की कि अमेरिका हूतियों के सीधे संपर्क में है।

हूतियों ने कहा है कि लाल सागर



में सऊदी के जहाजों और सऊदी का तेल ले जाने वाले जहाजों को वे अब भी टारगेट करेंगे। हूतियों की दलील है कि यमन पर सऊदी अरब की नाकेबंदी और सैन्य कार्रवाई के चलते उसके जहाजों को निशाना बनाना उनका अधिकार है। मामले से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, 2025 में अमेरिका और हूतियों के बीच हुआ सीजफायर कायम है।

हूतियों ने मक्का पर ड्रोन हमले के आरोप को खारिज किया है। हूती लीडरशिप ने इसे 'सदी का सबसे बड़ा झूठ' बताया और कहा कि सऊदी अरब पहले भी ऐसे दावे करता रहा है। हूती उप विदेश मंत्री अब्दुल वहीद अबू रास ने पलटवार करते हुए सऊदी अरब पर ही मक्का और मदीना जैसे पवित्र स्थलों की गरिमा को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। हूतियों ने दावा किया कि उन्होंने मारिब के पास सऊदी अरब का F-15 लड़ाकू विमान गिराया है। साथ ही लाल सागर के बंदरगाह शहर यानबू में सऊदी तेल कंपनी अरामको के एक संयंत्र पर हमला करने का दावा किया।

### हूतियों से सऊदी को अकेले लड़ना पड़ सकता है

पिछले हफ्ते हूतियों ने यमन के पश्चिमी हिस्से में लाल सागर के किनारे का बड़ा इलाका अपने कब्जे में ले लिया।

सऊदी अरब को उम्मीद थी कि अमेरिका उसके साथ खड़ा होगा। लेकिन अमेरिका ने अब तक हूतियों के खिलाफ सऊदी के समर्थन में कोई सीधी सैन्य कार्रवाई नहीं की है। अमेरिका ने जरूर कहा है कि हूतियों की गतिविधियां बाब अल-मंदब स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही के लिए खतरा हैं। अमेरिका पहले से ईरान के साथ संघर्ष में उलझा हुआ है। ईरान हूतियों का समर्थन करता है। ऐसे में अगर अमेरिका यमन में सीधे उतरता है तो उस पर एक और सैन्य मोर्चे का दबाव बढ़ सकता है।

### सऊदी का आरोप- हूतियों ने मक्का पर ड्रोन से हमला किया

सऊदी अरब ने आरोप लगाया है कि हूतियों ने मक्का की तरफ ड्रोन भेजकर हमला करने की कोशिश की। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह उसके लिए 'रेड लाइन' है। सऊदी डिफेंस फोर्सेस ने ड्रोन नष्ट करने का दावा किया है।

सऊदी गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्किये अल-मलिकी के मुताबिक, ड्रोन को स्थानीय समयानुसार मंगलवार शाम करीब 6:50 बजे मक्का के प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र के पास रोका गया। यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार और 57 देशों के संगठन ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (OIC) ने भी कथित हमले की निंदा की है।

# जापान में 1 लाख लोग 100 साल के पार

## इनमें 88 फीसदी महिलाएं, सेहतमंद खाना, एक्टिव रहना और समय पर इलाज लंबी उम्र का राज

टोक्यो, एजेंसी

जापान में 100 साल या उससे ज्यादा उम्र के लोगों की संख्या पहली बार 1 लाख का आंकड़ा पार कर गई है। इनमें 88 फीसदी महिलाएं हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में अब 1,07,677 लोग ऐसे हैं, जिनकी उम्र कम से कम 100 साल है। इनमें महिलाएं 94.3 हजार और पुरुष 13.4 हजार हैं। पिछले साल की तुलना में 100 साल से ज्यादा उम्र के लोगों की संख्या करीब 8 हजार बढ़ी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाओं के पुरुषों से ज्यादा जीने के पीछे जीवनशैली भी एक वजह है। उस पीढ़ी के पुरुषों में धूम्रपान और शराब पीने की आदत ज्यादा थी। वे औद्योगिक और शारीरिक मेहनत वाले कामों में भी ज्यादा शामिल थे,



> **हांगकांग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सोशल साइंस प्रोफेसर स्टुअर्ट गीटेल-बास्टेन के मुताबिक, जापान में लंबी उम्र के पीछे कई वजहें हैं। स्वस्थ खान-पान, रोजमर्रा की जिंदगी में सक्रिय रहना, सस्ती स्वास्थ्य व्यवस्था और नियमित स्वास्थ्य जांच इनमें अहम हैं।**

जिसका लंबे समय में उनकी सेहत पर असर पड़ा। उम्र बढ़ने के साथ भी महिलाओं को इसका फायदा मिला। रिटायरमेंट या जीवनसाथी की मौत के बाद कई पुरुष सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ गए, जबकि महिलाएं परिवार और समुदाय से ज्यादा जुड़ी रहीं। इससे उन्हें सामाजिक और मानसिक स्तर पर फायदा मिला। इसके अलावा, इस पीढ़ी में महिलाओं की संख्या ज्यादा होने की एक ऐतिहासिक वजह द्वितीय विश्वयुद्ध भी है। उस दौरान जापान के करीब 23 लाख सैनिक मारे गए थे, जिनमें लगभग सभी पुरुष थे। युद्ध में बड़ी संख्या में पुरुषों की मौत से उस पीढ़ी में महिलाओं का अनुपात बढ़ गया।

### 106 साल के सातो आज भी अपना काम खुद करते हैं

निगाता प्रांत के पहाड़ी इलाके ओसोनोगो गांव में रहने वाले तेत्सुओ सातो भी जापान के 1 लाख से ज्यादा 100+ उम्र वाले लोगों में शामिल हैं। सातो अब 107 साल के होने वाले हैं। वह अपने बेटे, बहू, कुत्ते और बिल्ली के साथ रहते हैं। उन्हें सुनने में परेशानी है और नजर भी कमजोर हो चुकी है। इसके बावजूद वह खुद को दिनभर व्यस्त रखते हैं। सातो पुराने कैलेंडर और रैपिंग पेपर से नोटबुक बनाते हैं। वह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इम्फाल की लड़ाई में अपने अनुभवों की कहानियां भी सुनाते हैं। उनकी 68 साल की बहू कुनिको सातो बताती हैं कि उनके ससुर आज भी ज्यादातर काम खुद करने की कोशिश करते हैं। वह बिना मदद के खुद नहाते हैं।

पिछले साल जब कुनिको के पैर में चोट लगी थी, तब सातो ने अपने चावल के कटोरे खुद धोने शुरू कर दिए थे। कुनिको कहती हैं, "हम बुढ़ापे में एक-दूसरे का ख्याल रखने लगे हैं।" दो दिन बाद सातो 107 साल के हो जाएंगे। उनकी सालगिरह के लिए परिवार की चार पीढ़ियों के एक दर्जन से ज्यादा सदस्य एक पारंपरिक हॉट स्प्रिंग होटल में जुटेंगे।


# चंद्रशेखरन 5 साल और टाटा संस के चेयरमैन रहेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

टाटा सन्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन का कार्यकाल 2032 तक बढ़ा दिया गया है। टाटा संस लिमिटेड के बोर्ड ने गुरुवार को नया कार्यकाल देने को मंजूरी दी। कंपनी को शेयर मार्केट में उतारने का भी निर्णय लिया गया है।

अभी चंद्रशेखरन का दूसरा कार्यकाल चल रहा है, वे फरवरी 2027 में रिटायर होने वाले थे। चंद्रशेखरन ने 12 अगस्त 2026 को इस्तीफा दे दिया था। तब नोएल टाटा से मतभेद और ट्रस्ट में खींचतान की वजह बनी थी।

एन. चंद्रशेखरन का कार्यकाल बढ़ाने के फैसले को अभी सालाना आम बैठक में मंजूरी मिलनी है, जिसमें टाटा ट्रस्ट की 66% हिस्सेदारी है। ट्रस्ट के बोर्ड सदस्य नोएल टाटा फैसले के खिलाफ हैं, जबकि वेनु श्रीनिवासन ने चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति का समर्थन किया है। टाटा ग्रुप में



> **बोर्ड ने कार्यकाल बढ़ाया पिछले महीने नोएल टाटा से मतभेद के चलते इस्तीफा दिया था**

पहली बार ऐसा हुआ है जब कोई ग्रुप एग्जीक्यूटिव स्टैंडर्ड रिटायरमेंट उम्र से आगे अपने पद पर बना रहेगा।

टाटा ग्रुप की पॉलिसी के मुताबिक एग्जीक्यूटिव को आमतौर पर 65 की उम्र में रिटायर हो जाना चाहिए। हालांकि, नॉन एग्जीक्यूटिव रोल में वे 70 साल की उम्र तक रह सकते हैं। चंद्रशेखरन अभी 63 साल के हैं। दूसरे टर्म के खत्म होने पर फरवरी 2027 में वे ठीक 65 साल के हो जाएंगे।

**कार्यक्रम :** किम जोंग की बहन बोली यह हमारी सुरक्षा की गारंटी, उत्तर कोरिया के पास 60 परमाणु हथियार

# 'परमाणु हथियार छोड़ना बेवकूफी होगी'

प्योंगयांग, एजेंसी

उत्तर कोरिया ने एक बार फिर कहा है कि वह परमाणु हथियार छोड़ने वाला नहीं है।

किम जोंग उन की बहन किम यो-जोंग ने गुरुवार को कहा कि उत्तर कोरिया अपने परमाणु हथियार बनाए रखेगा। ये हथियार देश की सुरक्षा के लिए जरूरी हैं।

किम यो ने परमाणु हथियार छोड़ने के लिए मनाने की कोशिशों को 'बेवकूफी भरी बात' बताया।

किम यो-जोंग का यह बयान वियना में चल रही अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) की जनरल कॉन्फ्रेंस के दौरान आया।

जून 2018: ट्रम्प और किम जोंग उन की पहली मुलाकात सिंगापुर में हुई थी। यह पहली बार था जब



किसी मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति ने उत्तर कोरिया के नेता से आमने-सामने मुलाकात की। दोनों ने परमाणु हथियारों का खतरा कम करने और रिश्ते सुधारने पर बात की।

फरवरी 2019: वियतनाम के हनोई में दोनों की दूसरी मुलाकात हुई। यहां परमाणु कार्यक्रम और प्रतिबंधों में राहत को लेकर सहमति नहीं बन सकी। जून 2019: दोनों नेताओं की यह मुलाकात अचानक हुई। ट्रम्प दक्षिण कोरिया के दौरे पर थे और उत्तर-दक्षिण सीमा पर बने डिमिलिटराइज्ड जोन (DMZ) पहुंचे। यहां किम से मुलाकात के दौरान ट्रम्प ने उत्तर कोरिया की जमीन पर भी कदम रखा। वे उत्तर कोरिया की जमीन पर कदम रखने वाले पहले मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति बने। हालांकि, इस मुलाकात के बाद भी परमाणु मुद्दे पर कोई बड़ा समझौता नहीं हो सका। उत्तर कोरिया के पास परमाणु हथियारों की सही संख्या सार्वजनिक नहीं है।

### हनोई मीटिंग के बाद उत्तर कोरिया ने बढ़ाई परमाणु ताकत

2019 की हनोई बैठक के बाद अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच परमाणु मुद्दे पर बातचीत आगे नहीं बढ़ी। इसके बाद उत्तर कोरिया ने परमाणु हथियार छोड़ने के बजाय अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को और आगे बढ़ाया। प्योंगयांग ने अपने परमाणु हथियारों को सिर्फ बातचीत में इस्तेमाल होने वाली ताकत नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा का स्थायी हिस्सा बना दिया। उसने कानून में भी परमाणु हथियारों को अपनी रक्षा नीति का हिस्सा बताया है। यानी उत्तर कोरिया का कहना है कि परमाणु हथियार उसकी सुरक्षा के लिए जरूरी हैं और वह इन्हें छोड़ने की नीति पर वापस नहीं जाएगा। किम यो-जोंग का ताजा बयान इसी रुख को दोहराता है।

> **किम यो-जोंग का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने उत्तर कोरिया के साथ फिर बातचीत शुरू करने की इच्छा जताई है। ट्रम्प अपने पहले कार्यकाल में किम जोंग उन से तीन बार मिल चुके हैं।**

अलग-अलग देशों और संस्थानों के आकलन में इसकी संख्या अलग बताई जाती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अगस्त में दावा किया था कि उत्तर कोरिया के पास 57 परमाणु हथियार हैं।

# नेपाल त्रासदी में लापता लोगों की संख्या 6 हजार के पार

## 2 हाइड्रो-पावर टनल से मिले 10 शव

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में 26 अगस्त को अचानक आई बाढ़ ने ऐसी तबाही मचाई कि 22 दिन बाद भी लापता लोगों का पता नहीं लगाया जा सका है। वहीं अभी भी मलबे में दबे शव निकल रहे हैं। इस आपदा में लापता हुए लोगों की संख्या 6,000 के पार पहुंच गई है। प्रभावित जिलों में दोबारा जांच के बाद लापता लोगों की लिस्ट में करीब 1,000 और नाम जोड़े गए हैं। नेपाल ने बुधवार को 26 अगस्त की बाढ़ में लापता लोगों की संख्या 5,179 से बढ़ाकर 6,150 कर दी। आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता शांति महत ने कहा, 'हम जिला कार्यालयों से लापता लोगों के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रहे थे और जांच के बाद डेटा को अपडेट किया है।' नेपाल में अब तक कुल 1,403 लोगों की मौत हुई है और 6,150 लापता हैं, जबकि तिब्बत में



43 मौतें और 519 लोगों के लापता होने की खबर है। इस तरह कुल मिलाकर 1,446 लोगों की मौत हुई और कम से कम 6,669 लोग लापता हैं। लापता लोगों में करीब 189 भारतीय शामिल हैं। नेपाल में जिस दौरान बाढ़ आई, तब करीब 12 हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स चल रहे थे। बाढ़ के बाद इन प्रोजेक्ट्स की टनल में हजारों मजदूर फंस गए। आपदा के बाद से ही राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। चिलिमे में, भारतीय सेना के खास जवानों और नेपाली बचाव दल के अंडरग्राउंड पावरहाउस तक पहुंचने के बाद पांच शव बरामद किए गए।

तमसा संकेत
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676